प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



सिख बंदी प्रकरण- दुविधा में भाजपा पेज- 2

नाबालिग के अपहरण का वांछित आरोपी गिरफ्तार पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 237 | बुधवार 19 अगस्त, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## राजनाथ ने एनसीसी महिला कैडेट दल को हिमालयी अभियान के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

(एजेंसी) नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को तीन महिला सैन्य अधिकारियों



के नेतृत्व में एनसीसी की 28 महिला कैडेट की एक टीम के एक अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसके तहत वे हिमालय के दुर्गम और चुनौतीपूर्ण इलाकों से होते हुए 30 दिन में लगभग 250 किलोमीटर लंबी पदयात्रा करेंगी। यह पथ पारंग ला पास (5,578 मीटर, 18,300 फुट) से होकर गुजरेगा, जो हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी को लद्दाख के चांगथांग इलाके से जोड़ता है। इसे देश के सबसे मुश्किल ट्रेकिंग मार्गों में से एक माना जाता है। राजनाथ ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपराजिता को हरी झंडी दिखाई, जो देशभर की महिला कैडेट का पारंग ला दर्रे से होकर गुजरने वाला ट्रेकिंग अभियान है। अपराजिता दल का नेतृत्व तीनों सेनाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली तीन महिला अधिकारी कर रही हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस अभियान में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की 28 महिला कैडेट शामिल हैं, जिनकी औसत उम्र 19 साल है और सबसे कम उम्र की प्रतिभागी सिर्फ साढ़े 16 साल की है। बयान के मुताबिक, अपराजिता दल किब्बर, डुमला, थलतक, बोंग्रोजेन, पारंग ला दर्रा, डाक कारजोंग, नोरबू सुमदो, कियांगडोम और कोरजोक से होकर गुजरेगा। इस दौरान वह अधिक ऊंचाई वाले रेगिस्तानी इलाकों, हिमनदों, बर्फ से ढके क्षेत्रों और नदी घाटियों को पार करेगा। बयान में कहा गया है, यह अभियान दल अधिकारियों, चिकित्सा कर्मियों, प्रशिक्षकों और सहायक कर्मियों के साथ हिमालय के कुछ सबसे दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण इलाकों से गुजरते हुए लगभग 250 किलोमीटर की पदयात्रा 30 दिन में पूरी करेगा। राजनाथ ने इस तरह के चुनौतीपूर्ण और अधिक ऊंचाई वाले अभियान में युवा कैडेट की भागीदारी को देश की महिलाओं के साहस, दृढ़ संकल्प और बढ़ती क्षमताओं का सशक्त प्रमाण बताया। उन्होंने अपराजिता दल को सुरक्षित और सफल यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के अभियान युवाओं में नेतृत्व कौशल, मानसिक मजबूती, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह अभियान दो चरणों में संचालित किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, पहले चरण में भाभा–पिन घाटी इलाके में यात्रा की तैयारियों और जलवायु अनुकूलन के लिए एक ट्रेक किया गया, जिसके बाद योग्यता के आधार पर एनसीसी महिला कैडेट की अंतिम टीम चुनी गई, जो दूसरे चरण के तहत 250 किलोमीटर लंबी पदयात्रा करेगी। इस मौके पर एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स और रक्षा मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर आप का दावा, विधायक को अज्ञात स्थान पर ले जाया गया

एजेंसी नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस पूर्वी दिल्ली से उसके विधायक कुलदीप कुमार को अज्ञात स्थान पर ले गई है। पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने यह भी आरोप




लगाया कि दिल्ली पुलिस एक मृतक सफाई कर्मचारी के परिवार पर उसका अंतिम संस्कार करने के लिए दबाव बना रही है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह चार बजे करीब 20 पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में आए और आप विधायक कुलदीप कुमार को उठा ले गए। वह मुआवजे की मांग कर रहे सफाई कर्मचारियों की आवाज उठा रहे थे। उन्होंने मांग की थी कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवार से मुलाकात करें, लेकिन प्रदर्शनकारियों से मिलने के बजाय विधायक कुलदीप कुमार को अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस सफाई कर्मचारी का जबरन अंतिम संस्कार करा रही है। भारद्वाज ने कहा कि सफाई कर्मचारी की हत्या के बाद हजारों सफाई कर्मचारी दो दिन से धरने पर बैठे हैं, और सरकार से परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। आप नेता ने आरोप लगाया कि अब पुलिस शव को अस्पताल से जबरन घर ले आई है। सोमवार को दिल्लीभर से आए सैकड़ों सफाई कर्मचारियों और ऑटो–टिपर चालकों ने कल्याणपुरी में ड्यूटी के दौरान सफाई कर्मचारी अनिल की हत्या के विरोध में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एक करोड़ रुपये का मुआवजा और मृतक के परिवार के एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा था कि वे अंतिम संस्कार के लिए अस्पताल से अनिल का शव नहीं ले जाने देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक दिल्ली में ऑटो–टिपर सड़कों पर नहीं चलने दिए जाएंगे।

### संक्षिप्त समाचार

#### भर्ती घोटाला मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, केपीएससी कार्यालय और पूर्व चेयरमैन के ठिकानों पर छापा

(एजेंसी) बेंगलुरु। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को धन शोधन जांच के तहत कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) के परिसर, इसके निलंबित चेयरमैन शिवशंकरप्पा एस साहूकार, सदस्य शांता होसमानी और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापा मारा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य और गुजरात में लगभग 21 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने इन कथित अनियमितताओं के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज करने के बाद यह कार्रवाई शुरू की। जिन परिसरों की छापेमारी की जा रही है उनमें बेंगलुरु स्थित केपीएससी कार्यालय, केपीएससी के निलंबित चेयरमैन शिवशंकरप्पा एस. साहूकार और केपीएससी सदस्य शांता होसमनी के आवास, कुछ कथित बिचौलियों के परिसरों, परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन की जिम्मेदारी संभालने वाली कंपनी श्एजुटेस्ट सॉल्यूशंसश् के कार्यालय तथा पशु चिकित्सा अधिकारियों के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के परिसर शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि ये 21 परिसर कर्नाटक के बेंगलुरु, हासन, चित्रदुर्ग, दावणगेरे, रायचूर, कारवार, कलबुर्गी, बेलगावी और बेल्लारी के अलावा गुजरात के अहमदाबाद में स्थित हैं। ईडी अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने बेंगलुरु पुलिस के विधान सौध थाने में दर्ज चार प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है। इन प्राथमिकियों में पशु चिकित्सा अधिकारियों के अंतिम चयन में अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि कुछ बिचौलियों ने शिकायतकर्ता समेत अभ्यर्थियों को फोन किया और चयन के लिए प्रति अभ्यर्थी 70 से 80 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि मामले के शिकायतकर्ता ने इन बिचौलियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग पुलिस को सौंपी है।

## झारखंड छात्रों की हड़ताल खत्म होने पर राहुल गांधी बोले- 'संयम से निकला समाधान, पूरे देश में बदलेगा सिस्टम'

एजेंसी नयी दिल्ली। झारखंड में छात्रों और राज्य सरकार के बीच लंबे समय से चल रहा गतिरोध सोमवार रात सहमति बनने के बाद खत्म हो गया। छात्रों ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है। इस घटनाक्रम पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया देते हुए छात्रों और राज्य सरकार के रुख की सराहना की। उन्होंने कहा कि बातचीत और संयम के जरिए समाधान निकालना लोकतंत्र का सही तरीका है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार ने बातचीत का रास्ता अपनाकर समाधान निकाला। उन्होंने आंदोलन कर रहे छात्रों के संयम की भी तारीफ की। राहुल गांधी ने कहा कि जब छात्र अपनी समस्याओं और सवालों को लेकर आवाज उठाएं तो उन्हें जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के हर छात्र के साथ खड़ी है। राहुल ने यह भी दावा किया कि मौजूदा भर्ती और परीक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसा सिस्टम तैयार किया जाना चाहिए, जिसमें छात्रों को उनकी मेहनत का उचित परिणाम मिले और उन्हें निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का अधिकार हासिल हो। राहुल गांधी ने कहा कि यह बदलाव केवल झारखंड तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश की व्यवस्था में सुधार की



जरूरत है। झारखंड में छात्र अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। विरोध के दौरान भूख हड़ताल भी शुरू की गई थी। सरकार और छात्रों के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत के बाद सोमवार रात सहमति बनी, जिसके बाद आंदोलन समाप्त करने की दिशा में कदम उठाया गया। राहुल गांधी ने कहा कि बातचीत के जरिए विवाद का समाधान होना सकारात्मक संकेत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि छात्रों से जुड़े मुद्दों को आगे भी संवेदनशीलता के साथ सुना जाएगा। इसी बीच कांग्रेस ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर जाति जनगणना के मुद्दे पर अपना रुख बदलने का आरोप लगाया। पार्टी ने सवाल उठाया कि आगामी जनगणना में जाति के चयन के लिए ड्रॉप–डाउन मेनू जैसी व्यवस्था क्यों नहीं की गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्र सरकार के पुराने हलफनामे का हवाला देते हुए कहा कि उसमें जाति संबंधी आंकड़ों को व्यवस्थित तरीके से जुटाने के लिए ऐसे विकल्प की जरूरत का उल्लेख किया गया था। कांग्रेस ने दावा किया कि बिहार और तेलंगाना में जाति सर्वेक्षण के दौरान इस तरह की व्यवस्थाओं का इस्तेमाल किया गया। जयराम रमेश ने कहा कि यह सुझाव कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मई 2025 में लिखे पत्र में भी रखा गया था। कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार जाति जनगणना को लेकर अपने पुराने रुख से पीछे हट रही है। हालांकि, जाति जनगणना को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक बहस लगातार जारी है।

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 का ऐलान, तेजस्विन शंकर-दिव्या देशमुख समेत 17 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड

एजेंसी नई दिल्ली। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 की घोषणा कर दी गई है। खेल मंत्रालय ने मंगलवार को अलग–अलग श्रेणियों में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और संस्थाओं के नामों का ऐलान किया। इस बार देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए किसी भी खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है। वहीं, 17 खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला किया गया है। इसके अलावा एक खिलाड़ी को अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) के लिए चुना गया है। पुरस्कारों के लिए चयन प्रक्रिया पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर पूरी की गई। राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के जरिए विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। अर्जुन पुरस्कार 2025 के लिए एथलेटिक्स से तेजस्विन शंकर, मोहम्मद अजमल वी और प्रियंका गोस्वामी का चयन हुआ है। बैडमिंटन में त्रिशा जॉली और पुलेला गायत्री गोपीचंद को सम्मान मिलेगा।मुक्केबाजी में नरेंद्र, जबकि शतरंज में विदित गुजराती और दिव्या देशमुख अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए हैं। बधिर शूटिंग में धनुष श्रीकांत को सम्मान मिलेगा। हॉकी से लालरेमसियामी और राजकुमार पाल, कबड्डी से सुजीत और पूजा को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा। पैरा–शूटिंग में रुद्रांश खंडेलवाल और पैरा एथलेटिक्स में एकता भ्यान का चयन हुआ है। रोइंग से अरविंद सिंह और शूटिंग से अखिल श्योरण भी पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। अर्जुन पुरस्कार उन खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिन्होंने पिछले चार वर्षों के दौरान अपने खेल में शानदार प्रदर्शन के साथ नेतृत्व क्षमता, खेल भावना और अनुशासन का प्रदर्शन किया हो। अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) 2025 के लिए फुटबॉल खिलाड़ी आई अरुमनायगम को चुना गया




है। यह सम्मान उन खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिन्होंने सक्रिय खेल करियर के बाद भी खेलों के विकास और प्रोत्साहन में योगदान जारी रखा है। द्रोणाचार्य पुरस्कार 2025 के लिए एथलेटिक्स के परवीर सिंह, मुक्केबाजी के छोटे लाल यादव और शूटिंग की नेहा नंदकुमार चव्हाण को चुना गया है। यह पुरस्कार ऐसे प्रशिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। वहीं, द्रोणाचार्य पुरस्कार (लाइफटाइम) के लिए मुक्केबाजी के धर्मेंद्र सिंह यादव और कुश्ती के वीरेंद्र कुमार का चयन हुआ है। राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2025 के लिए पुणे स्थित आर्मी पैरालंपिक नोड का चयन किया गया है। यह सम्मान खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने में उल्लेखनीय योगदान करने वाली संस्थाओं को दिया जाता है।

## राम मंदिर चढ़ावा मामले में पहली एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंपी, चंपत राय-अनिल मिश्रा को क्लीन चिट!

एजेंसी अयोध्या। राम मंदिर में चढ़ावे की रकम में कथित अनियमितताओं और चोरी के मामले में पहली एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और पूर्व सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा को दोषी नहीं पाया गया है। दोनों का नाम आरोपियों की सूची में भी शामिल नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश के गृह विभाग की ओर से यह रिपोर्ट राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास को सौंपी गई है। अब इसे ट्रस्ट की 2 सितंबर को प्रस्तावित बैठक में रखा जाएगा। खास बात यह है कि ट्रस्ट ने ही उत्तर प्रदेश सरकार से चढ़ावे की रकम से जुड़ी कथित अनियमितताओं की ष्ज जांच कराने का अनुरोध किया था। सूत्रों के अनुसार, एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट में केवल उन आठ लोगों के नाम शामिल हैं, जिन्हें इस मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा को आरोपी नहीं बनाया गया है। हालांकि, जांच में दान की रकम की गिनती के दौरान बैंक और ट्रस्ट की निगरानी व्यवस्था से जुड़ी कुछ कमजोरियों और प्रशासनिक चूकों का उल्लेख किया गया है। इसके बाद मंदिर ट्रस्ट और संबंधित व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए जाने की बात सामने आई है। इस मामले की शुरुआती जांच रिपोर्ट में भी चंपत राय को क्लीन चिट दिए जाने की बात सामने आई थी। वहीं, डॉ. अनिल मिश्रा के संबंध में दान की रकम की गिनती और निगरानी में लापरवाही का उल्लेख किया गया था, लेकिन उन्हें सीधे आरोपी नहीं बनाया गया था। अब फाइनल रिपोर्ट में भी दोनों के खिलाफ आपराधिक आरोप कायम नहीं रहने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, रिपोर्ट की आधिकारिक सार्वजनिक प्रति उपलब्ध होने के बाद ही इसके सभी निष्कर्षों की पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी। राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़ी कथित अनियमितताओं की जांच के लिए पहली एसआईटी का गठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 13 जून को किया गया था। तीन सदस्यीय इस टीम की अध्यक्षता लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने की थी। एसआईटी में आईजी रेंज किरण एस और वित्त विभाग के




विशेष सचिव नील रतन कुमार को सदस्य बनाया गया था। टीम ने 23 जून को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप दी थी। प्रारंभिक रिपोर्ट सामने आने के बाद मंदिर ट्रस्ट की व्यवस्था और जिम्मेदार पदाधिकारियों की भूमिका को लेकर सवाल उठे थे। एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद चंपत राय और डॉ. अनिल मिश्रा ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए ट्रस्ट से इस्तीफा दे दिया था। ट्रस्ट ने दोनों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए थे। इसके अलावा गोपाल नागरकट्टे को स्पेशल इनवाइटी की सूची से हटाने का फैसला भी किया गया था। अब पहली एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट में दोनों पूर्व पदाधिकारियों को आरोपी नहीं बनाए जाने की जानकारी सामने आने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पहली एसआईटी की जांच के बाद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जांच की निगरानी और विशेषज्ञता बढ़ाने से जुड़े निर्देश दिए थे। इसके बाद 20 जुलाई को नई एसआईटी गठित की गई। इसमें लखनऊ रेंज के आईजी किरण एस, डीआईजी अयोध्या सोमेन वर्मा और अयोध्या के एसआईटी गौरव ग्रोवर को शामिल किया गया। यह दूसरी एसआईटी भी चढ़ावे से जुड़े कथित गड़बड़ी और चोरी के मामले की जांच कर रही है। इसमें वित्तीय पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पहली एसआईटी की फाइनल रिपोर्ट अब राम मंदिर ट्रस्ट की 2 सितंबर को होने वाली बैठक में रखी जाएगी। बैठक में रिपोर्ट के निष्कर्षों पर चर्चा हो सकती है और मंदिर की दान व्यवस्था को और पारदर्शी तथा सुरक्षित बनाने को लेकर आगे के कदमों पर फैसला लिया जा सकता है। फिलहाल सूत्रों के हवाले से सामने आई रिपोर्ट में चंपत राय और अनिल मिश्रा के खिलाफ आरोप साबित नहीं होने की बात कही जा रही है। हालांकि, मामले की दूसरी एसआईटी की जांच अभी जारी है। ऐसे में आगे आने वाली जांच रिपोर्ट और अदालत की कार्यवाही से ही इस पूरे मामले की अंतिम तस्वीर स्पष्ट होगी।

## पानीपत सिविल अस्पताल में कथित यौन उत्पीड़न की शिकार महिला की मौत

एजेंसी पानीपत पानीपत के सिविल अस्पताल के सीटी स्कैन रूम में कथित यौन उत्पीड़न की शिकार 57 वर्षीय महिला की मंगलवार सुबह रोहतक पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की हालत गंभीर होने के कारण पुलिस उसके बयान दर्ज नहीं कर पाई थी। परिजनों के अनुसार, घटना के बाद महिला सदमे में थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पानीपत की एक कॉलोनी निवासी 57 वर्षीय महिला को तेज दर्द के चलते रविवार रात सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजन उसे सीटी स्कैन कराने के लिए अस्पताल के सीटी स्कैन रूम में ले गए थे। महिला की शिकायत के अनुसार, वहां गार्ड राकेश मौजूद था। उसने परिजनों को बाहर रोक दिया और महिला को अकेले सीटी स्कैन रूम में ले गया। महिला का आरोप था कि कमरे में कोई अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था। इसी दौरान राकेश ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और उसके प्राइवेट पार्ट्स को नोचा। महिला ने यह भी आरोप लगाया था कि गार्ड ने उसके होंठ पर दांत से काटा। घटना के बाद महिला की हालत गंभीर बनी हुई थी। सोमवार को डॉक्टरों ने उसे इलाज के लिए रोहतक पीजीआई रेफर किया था, जहां मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। थाना शहर पुलिस ने रविवार देर रात महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी गार्ड राकेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। हालांकि, महिला की गंभीर हालत के चलते पुलिस उसके बयान दर्ज नहीं कर पाई थी।उधर, सिविल अस्पताल में पीपीपी आधार पर एमआरआई करने वाली कंपनी ने आरोपी गार्ड राकेश को नौकरी से हटा दिया है। लैब इंचार्ज सचिन ने बताया कि राकेश अस्पताल में गार्ड था। जांच के दौरान मदद के लिए उसे लैब के अंदर बुलाया जाता था। घटना के बाद उसे नौकरी से हटा दिया गया है।

# सम्पादकीय

## अशोक गहलोत की मांग

वैसे तो राजस्थान के विधानसभा चुनावों में अभी काफी वक्त है। अब यह बात अलग है कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने गाहे–बगाहे राजस्थान में अपनी सक्रियता तेज कर दी है। यहां पर मै नफीस जाफरी आपको यह भी बात दूं कि अशोक गहलोत की इसी सक्रियता के कारण कांग्रेस की राज्य इकाई में गुटबाजी तेज हो गई है। वहीं जहां तक अशोक गहलोत का सवाल है तो राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने सिविल लाइंस आवास पर जादूगरों के मेले का आयोजन किया था। इस दौरान जहां पर देशभर के कई नामचीन और प्रतिष्ठित जादूगर मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि दुनियाभर में इन जादूगरों का बहुत बड़ा नाम है, बड़े बड़े शो होते रहते हैं, लंदन में कॉलेज बने हुए हैं। दुनिया भर के अंदर जादू कला मशहूर है, पूरे परिवार के साथ बैठकर आप देख सकते हो, इसका सम्मान सभी सरकारों को करना चाहिए। अशोक गहलोत ने कहा कि मैंने अपनी सरकार के समय टैक्स माफ किया, क्योंकि टैक्स की बड़ी समस्या होती है। जादूगर अपनी कला, एक्टिंग और पहनावे के माध्यम से कला का प्रदर्शन करते हैं। ऐसा लगता है कि पैसे की कमी नहीं होती है, लेकिन बड़े बड़े जादू शो में 2– 3 ट्रक का सामान होता है। 20 – 30 कर्मचारी होते हैं, ऐसे में ये लोग कला को जिंदा रखे हुए हैं। मुझे नहीं पता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने क्या कह दिया, लेकिन अगर मुख्यमंत्री चाहेंगे तो हम उनके निवास पर शो कर देंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री चाहे जो उनके सामने ळैज की समस्या आ रही है। मैं चाहूंगा मुख्यमंत्री केंद्र सरकार को रिकमेंड करें कि जादू कला को जीएसटी से मुक्त किया जाए। अशोक गहलोत ने आगे कहा कि मुझे 52 साल राजनीति में हो गए। बचपन में पिताजी के साथ हॉन्ग कॉन्ग और टोक्यो शो करने गए थे, वहां से अच्छी इनकम हुई थी, वो पैसे हमारे काम भी आए।



नफीस जाफरी

जादूगरों के मेले के दौरान ही अशोक गहलोत ने कहा कि वैभव गहलोत और पोती काशवी बैठी है। मैं तो इन्हें कहता हूं कि ये सीखें इस कला को, आगे ले जाए, सहयोग तो करें। मैं तो जादू जानता नहीं हूं, मुझे तो पत्रकारों ने जादूगर बना रखा है, लेकिन हमारे पिता जी की लिगेसी है, उसे बचाएंगे. अंतरराष्ट्रीय कला है, इसको बचाने के लिए सरकार सहयोग करें, जादूगरों को सरकार प्रोत्साहन दें ताकि वे आगे बढ़ सकें। जैसे अभी जूनियर मायावी ने कहा कि जोधपुर में वे अकादमी बनाना चाहते हैं। इस सभी सरकारें सहयोग करें।

यहां यह बता दें कि जादूगर मायावी कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कहना चाहता हूं कि हम जादूगरों को हल्के में मत लीजिए, जादूगर बनना आसान काम नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भले हमें कुछ दो मत, पर हमारा उपहास मत उड़ाओ। एक जादूगर 5 लाख लोगों को प्रभावित करता है। हम सभी जादूगरों को संगठन करेंगे. जादू सिखाने के लिए अकादमी खोलेंगे।

# सिख बंदी प्रकरण-दुविधा में भाजपा



गुलफिशा खान

पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर महाराष्ट्र के नांदेड़ में हुए हमले को लेकर उनकी पत्नी और बठिंडा से लोकसभा सांसद हरसिमरत कौर बादल ने बयान दिया है। उन्होंने हमले को सोची–समझी राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि जो भी इसके पीछे थे, उसे सिख नहीं कहा जा सकता। मामले की तह तक जाने के लिए मैंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से इसकी जांच का अनुरोध किया है और गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से होनी चाहिए ताकि इस साजिश का खुलासा हो सके। वहीं इसके अलावा हरसिमरत कौर बादल ने अपने बयान में आगे कहा कि सुखबीर सिंह बादल पहले ही कह चुके हैं कि वह किसी भी राष्ट्र–विरोधी ताकत से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि सुखबीर सिंह बहुत जल्द पंजाब में होने वाली राजनीतकि रैलियों में शामिल होंगे। वहां अब बात पंजाब के एक ऐसे मुद्दे की जो वहां की राजनीति में गाहे–बगाहे गर्मी पैदा कर सकता है। विदित हो कि पंजाब के मोहाली में बीते दिनों कौमी इंसाफ मोर्चा के बैनर तले बंदी सिखों की रिहाई के लिए एक प्रदर्शन हुआ था। इस दौरान ये लोग चंडीगढ़ में घुसना चाहते थे, लेकिन सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के चलते ऐसा नहीं हो सका। अब 21 अगस्त को कौमी इंसाफ मोर्चा समेत कई संगठनों ने पंजाब बंद का ऐलान किया है। जिन बंदी सिखों की रिहाई या पेरोल की मांग की जा रही है, उनमें से एक पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह का हत्यारा जगतार सिंह हवारा भी है। वैसे जगतार सिंह हवारा को 10 दिनों के पेरोल की मांग मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उठाई है। इसके लिए उन्होंने राज्यपाल से भी मुलाकात की थी। अब इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है और सड़कों



पर प्रदर्शन भी हो रहा है। बीते आम चुनाव में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह खालसा जीत गए थे। दोनों ही अलगाववादी विचारधारा के हैं और अब बंदी सिखों की रिहाई की मांग उठी है और सड़क पर प्रदर्शन भी हो रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या पंजाब में फिर से अलगाववाद की छाया आ रही है? इस पर हमने स्टेट मिलिटेंसी ऐंड ह्यूमन राइट्स–ए स्टडी ऑफ पंजाब 1980–95 विषय पर पीएचडी करने वाले प्रोफेसर मलकीत सिंह से बात की। उन्होंने कहा कि पंजाब में ऐसी कोशिशें भले हो रही हैं, लेकिन जमीनी तौर पर ऐसे हालात नहीं हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के प्रोफेसर मलकीत सिंह ने कहा, पंजाब में बंदी सिखों के मसले पर भाजपा पसोपेश में है। वह राष्ट्रीय स्तर पर खुद को राष्ट्रवादी दिखाना चाहती है, लेकिन यहां उसकी नीति स्पष्ट नहीं दिखती। वह कहते हैं कि बंदी सिखों को जेल से निकालने का मसला बहुत गंभीर नहीं है, लेकिन चुनाव से ठीक पहले ऐसा करना संवेदनशील जरूर है। उन्होंने कहा, यदि बंदी सिखों को चुनाव से पहले जेल से निकाला गया तो फिर मामला हिंदू बनाम सिख धुवीकरण हो जाएगा। पंजाब में हिंदू और सिख एकता की बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल ऐसी जरूरत है कि पंजाब में भरोसा दिया जाए कि कानून–व्यवस्था दुरुस्त है। इसके बाद ही इन लोगों को छोड़ दिया जाए। यदि चुनाव से पहले हवारा समेत ऐसे लोगों को छोड़ा गया तो इसका असर देखने को मिल सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि खालिस्तान वाली बात पंजाब में उतनी नहीं है, जितनी मीडिया में है या फिर देश से बाहर है। उन्होंने कहा, सिखों की ऐसी कोई डिमांड नहीं है। यदि सतलुज यमुना लिंक की बात है तो यह कोई अलगाववाद जैसी बात नहीं है बल्कि यह पानी की डिमांड है। इसके अलावा चंडीगढ़ पर हक की बात है तो वह भी गलत नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि किसी भी अन्य राज्य की ऐसी संयुक्त राजधानी नहीं है। प्रोफेसर मलकीत सिंह ने कहा कि जब आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य अलग हुए तो दोनों की राजधानी भी अलग–अलग हैं। ऐसे में पंजाब को ही क्यों अपनी राजधानी साझा करनी पड़ती है। यह सवाल यहां के लोगों के मन में है। उन्होंने कहा कि इसलिए राजधानी की मांग या फिर पानी की मांग को खालिस्तान से नहीं जोड़ा जा सकता। इसके अलावा वह कहते हैं कि यदि बंदी सिखों को चुनाव से ठीक पहले छोड़ा गया तो खालिस्तान की बात करने वाले तत्वों को अपना नैरेटिव बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# ''दिमाग़ी नक्सली'' के मुद्दे पर सियायत हुई तेज़



फरीद वारसी

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माओवादी मानसिकता वाले बयान की आलोचना करने पर विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया है कि प्रधानमंत्री ने विपक्षी नेताओं को नक्सली मानसिकता वाले लोग नहीं कहा था। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में तीन तरह के लोगों का जिक्र किया है। रिजिजू के मुताबिक, दिमागी नक्सली का मतलब सिर्फ उन लोगों से है, जो माओवादियों का समर्थन करते हैं और भारतीय संविधान को नहीं मानते। जो अलगाववादियों के साथ खड़े होते हैं और अनुच्छेद 370 का समर्थन करते हैं। और जो उत्तर–पूर्व को भारत से अलग करने के लिए चिकन्स नेक कॉरिडोर को काटने की वकालत करते हैं। गौरतलब है कि रिजिजू का यह बयान तब आया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए हजारों शहीद सुरक्षाकर्मियों के बलिदान को याद किया और देश से नक्सलवाद को सफलतापूर्वक खत्म करने के लिए तारीफ की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भले ही जंगल में हथियार उठाने वाले नक्सली खत्म कर दिए गए हों, लेकिन दिमागी नक्सली भी हैं, जो देश के अलग–अलग हिस्सों में मौजूद हैं। उनकी पहचानकर अलग–थलग करने की जरूरत है, जिससे देश के युवाओं को एक विकसित भारत के लिए एकजुट किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से बयान देते हुए कहा था कि कई साल तक सार्वजनिक जीवन में माओवादी सोच वाले लोग मौजूद रहे। सरकारी कमेटियों में भी इस सोच ने कई संस्थानों और पहलों को प्रभावित किया। मेरे प्यारे देशवासियों, हम हथियारबंद नक्सल पर लगाम लगाने और देश को उनसे मुक्त करने में सफल रहे हैं। भले ही ये नक्सली चले गए हों, लेकिन दिमागी नक्सल यानी नक्सली सोच वाले लोग मौके की तलाश में हैं, हिंसा के रास्ते खोज रहे हैं और देश को गलत रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। यहां यह बताते चलें कि लाल किले से दिए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की प्रधानमंत्री की स्पीच के बाद, कांग्रेस ने इसकी कड़ी आलोचना की और उनके बयान को खोखली सियासी बयानबाजी करार दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सीनियर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, इस शब्द का कोई







वास्तविक आधार नहीं है। उन्होंने इसकी तुलना अर्बन नक्सल शब्द को लेकर हुई पिछली बहसों से की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिमागी नक्सलवाद को एक चुनौती बताने के बयान पर जवाब दिया है। चिदंबरम ने कहा कि उन्हें दिमागी नक्सल कहलाने पर गर्व है। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बहुत छोटा पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा, मुझे दिमागी नक्सल होने पर गर्व है। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता चिदंबरम की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान के बाद आई है, जिसमें कहा गया कि दिमागी नक्सलियों को पहचानना होगा और इनको आइसोलेट करना होगा। जयराम रमेश ने लिखा, पहले उन्होंने अपने विरोधियों को अर्बन नक्सल कहा। अब वे उन्हें दिमागी नक्सल कर रहे हैं। यह उनकी हताशा का निश्चित संकेत है। यह अलग बात है कि आखिरकार वे वही करते हैं जिसकी ये तथाकथित अर्बन नक्सल या अब दिमागी नक्सल मांग या वकालत करते हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी आप देश के युवाओं को दिमागी नक्सल बुला रहे हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि वह आपसे सवाल करते हैं? 75 मिनट के उबाऊ भाषण में एक हारा हुआ, थका हुआ आदमी नजर आया जिसको जमीनी हकीकत का कोई अंदाजा नहीं। वैसे कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत यह भी कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आपके दिए गए भाषण में आपके द्वारा पंडित नेहरू को महापुरुष बुलाना अच्छा था।

# गन्तव्य देशों के हालात खराब होने से दक्षिण एशियाई प्रवासन में कमी

आशीष विश्वास

हाल के दिनों में अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व में दक्षिण एशियाई लोगों के लिए प्रवासन और वहां जाकर नौकरी पाना मुश्किल होता जा रहा है, जो बड़े झगड़ों और लगातार सामाजिक उथल–पुथल और अशांति का सीधा नतीजा है। इस इलाके के बड़े देशों की तरह, भारत और बांग्लादेश पर भी इसका बुरा असर पड़ा है। लंबे समय में दोनों देशों के सामने दोहरी चुनौती है, घरेलू श्रम बाजार में नौकरी के लिए बेचौनी और बढ़ जाएगी, क्योंकि वे बड़ी आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। साथ ही प्रवासी कामगारों द्वारा घर भेजे जाने वाली बड़ी राशि (रेमिटेंस) से होने वाली अच्छी–खासी आय भी समय के साथ कम हो जाएगी। खबरें हैं कि कम से कम 1500 और भारतीयों को अल्पावधि में अमेरिका से वापस भेजा जा रहा है और केनडा में भी हालात बेहतर नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि नौकरी के मौके कम हो रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों में अपनाई गई सरकारी नीति में नए जोर की वजह से, लगभग बिना हुनर वाले आम दक्षिण एशियाई प्रवासियों के लिए स्थितियां असल में मुश्किल हो गई हैं। इसका मकसद सालों से वहां गैर–कानूनी ढंग से रह रहे एशियाई लोगों को बाहर निकालना है। ज्यादातर मौजूदा सरकारों पर दक्षिणपंथियों का जोरदार दबाव है, क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टियों पर गैर–कानूनी प्रवासन को बढ़ावा देने का आरोप लगता है। आरोप है कि पहले से ही स्थानीय संस्कृति के कमजोर होने और गंभीर सुरक्षा चिंताओं जैसी स्थानीय समस्याएं हैं। ज्यादातर हाथ से काम करने वाले अस्थायी कामों में लगे, हजारों प्रवासी ऐसे कमजोर लक्ष्य बन गए हैं जिन्हें तुरंत और बिना किसी औपचारिकता के वापस भेजा जा सकता है। यह विकसित देशों में अपनी मौजूदा समस्याओं के समाधान के लिए शासन और नीतिगत कदमों का नतीजा है। यूनाइटेड किंगडम से लेकर अमेरिका तक, उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों और प्रवासियों के लिए वीजा मिलना नए कड़े कानूनों से प्रभावित हुआ है, पढ़ाई की फीस बहुत ज्यादा बढ़ा दी गई है और कानूनी तौर पर स्थायी रूप से रहने का अधिकार कम कर दिया गया है। प्रवासियों के खिलाफ नकारात्मक रूझान सिर्फ पश्चिमी देशों तक ही सीमित नहीं है। दिसंबर 2025 तक, सऊदी अरब से किसी न किसी वजह से करीब 11,000 से ज्यादा भारतीयों को वापस उनके अपने देशों में भेजा जा चुका था, जो एक रिकॉर्ड है। अमेरिका ने उसी समय तक करीब 3800 भारतीयों को वापस भेजा था। साफ है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुत बढ़ा–चढ़ाकर कही गई अच्छी दोस्ती का अमेरिका–भारत के आपसी रिश्तों के सभी मामलों में कोई खास फर्क नहीं पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि म्यांमार ने करीब 1600 गैर–कानूनी रूप से वहां रह रहे भारतीयों को वापस भेजा, जबकि मलेशिया और यूएई ने 2025 में करीब 1600 लोगों को वापस भेजा। भारत सरकार और अन्य स्रोतों का दावा है कि कई भारतीय अपनी मर्जी से भी अपने गोद लिए हुए देशों को छोड़ रहे हैं। इसकी वजहें हैं बेकाबू महंगाई, जिससे रहने का खर्च बढ़ रहा है, मुश्किल समय में काम का बोझ बढ़ रहा है, अधिकारियों की तरफ से बढ़ती परेशानी और घर पैसे भेजने में भारी कमी का आना। इसका मतलब यह नहीं है कि वे भारत के बाहर मौके नहीं देख रहे हैं। दुबई एक पसंदीदा नई जगह है। केनडा से 2025 में लगभग 2830 भारतीय लौटे, जबकि पिछले साल यह संख्या 2000 थी। कुछ मामलों में केनाडाई अधिकारियों के तरीकों पर शक जताते हुए, भारत सरकार ने प्रवासियों को वापस भेजने के दौरान अपनाए गए तरीकों पर भी कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें वापस भेजे गए लोगों को वापस आने के दौरान कोई सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। यहां तक कि हमेशा मूलभूत मानवीय सुविधाएं भी नहीं दी जाती हैं, हालांकि लौटने वाला हर कोई घोषित अपराधी नहीं होता है। पड़ोसी बांग्लादेश की बात करें तो, इजरायली हमलों के जारी रहने के कारण लेबनान में कम से कम 5000 लोगों की नौकरी चली गई। कम से कम 200 लोग स्वयं वापस चले गए क्योंकि प्रवासियों को जानलेवा काम के हालात में धकेला जा रहा था। यह स्थानीय श्रम कानूनों और नौकरी की शर्तों का खुला उल्लंघन था। साथ ही श्आपातकालश के नाम पर अक्सर वेतन में कटौती भी की जाती थी। मध्य पूर्व में प्रवासी संगठनों के एच आर ग्रुपों और प्रवक्ताओं ने आरोप लगाया कि लेबनान और आस–पास के इलाकों में 11 बांग्लादेशी कामगार मारे गए, जबकि कई घायल हुए, जिन पर स्थानीय अधिकारियों ने बहुत कम ध्यान दिया। अप्रशिक्षित कामगारों को सहयोगी, रेस्क्यू स्टाफ और दूसरे कामों के तौर पर समुद्री झड़पों में भी हिस्सा लेने के लिए मजबूर किया गया था। ऐसा लगता है कि ऐसे मामलों में कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं थी। सिर्फ एक मामले में फिलिपिनो कामगार के एक ग्रुप ने ऐसे आदेश मानने से मना कर दिया था। एचआर ग्रुपों का आरोप है कि कई बमबारी और मिसाइलों और ड्रोन हमलों के खतरनाक आदान–प्रदान के दौरान मरने वाले ज्यादातर पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर प्रवासी कामगारों के असुरक्षित ग्रुप से थे। अलग–अलग अन्तरराष्ट्रीय प्राधिकारी, देश के प्रमुखों, संयुक्त और दूसरी संस्थाओं से बार–बार गुहार लगाने पर कोई जवाब नहीं मिला। कामगारों के लिए एक और चिंता यह थी कि क्या प्रवासियों को रखने वाले देश उनके जिंदा रहते हुए उनकी बुरी हालत के प्रति लगभग पूरी तरह से बेपरवाह होने के मद्देनजर उनके बकाए का इंतजाम भी करेंगे। ऐसे डर से इन्कार नहीं किया जा सकता। न सिर्फ आपूर्तिकर्ता देश को कानूनी तौर पर मिलने वाले पैसे के सवाल पर नुकसान होगा, बल्कि घर पर पीड़ितों के परिवारों को भी बहुत ज्यादा तकलीफ होगी। कई परिवार विदेश में नौकरी करके पैसे कमाने के लिए किसी सदस्य को भेजने और सक्षम बनाने हेतु भारी–भरकम कर्ज भी लेते हैं।

# ईश्वर के साथ होने का एहसास- सुश्री सरोज कंसारी

**–''खुलकर हँसो, खुश रहो। व्याकुलता को खुद से दूर करो। खुशियाँ भीतर बसती हैं, एक पल न व्याकुल हो, यही कोशिश करो।''**

***सकारात्मक व प्रेरक काव्यः***

*''बहती रहे ये जीवन की धारा,*
*प्रभु का हाथ सिर पर हमारा।*
*खुशी ढूंढे ना बाहर जग में,*
*वो तो बसती है अपने अंतर्मन में।*
*निराशा को दूर भगाओ,*
*खुलकर हँसो और मुस्कुराओ।''*

जीवन की इस युद्धभूमि में हर पल साहस के साथ आगे आइए, डरिए मत! हर क्षेत्र में अपनी वीरता का परिचय दीजिए। कर्म ही आपका धर्म है, पीछे मत हटिए। हर बार जीतना ज़रूरी नहीं। जीवन की इस जंग में हम हारकर भी बहुत कुछ सीखते हैं, अनुभवी बनते हैं। जिम्मेदारी चाहे छोटी हो या बड़ी, उसे ईमानदारी से निभाइए।

सांसारिक जीवन में विभिन्न रिश्ते–नातों से जुड़ा मनुष्य–जीवन मोह–माया में उलझा होता है, यही वजह है कि हर वक्त किसी न किसी बात की चिंता बनी रहती है। कभी कुछ खोने का भय तो कहीं पाने की बेचौनी होती है।

हर पल घटित होने वाली होनी–अनहोनी के बीच भी एक उम्मीद होती है जो अंत तक बची रहती है। यही वजह है कि हर मनुष्य एक इंतज़ार में अपने जीवन में बहुत दर्द सहता है। जीवन निर्वहन में कभी हम कई तरह की आशंकाओं से घिरे होते हैं – क्या होगा, कैसे होगा? किसी तरह की शारीरिक–

मानसिक, आर्थिक व अन्य हानि का भय होगा? जीवन पूर्ण रूप से स्वस्थ–सुखी नहीं होता, कुछ न कुछ बाकी ही रहता है। जो अधूरा है उसे पूर्ण करने की आस में ज़िंदगी बढ़ती है। जीवन के सुख–दुख के क्रम से गुज़रते हुए हम हर पल खुद को मज़बूत करते हैं। कहीं ठोकर, तो कहीं प्रोत्साहन मिलता है। जो सब कुछ सहन कर आगे बढ़ते हैं, वही निखरते हैं।

जब जीवन में ऐसा मोड़ आए जब मन अशांत हो, घबराहट हो, शोक–पीड़ा से हर पल भरा हो, आँखों में आँसू और दिल में दर्द हो, और तब ज़ुबान खामोश हो जाए, कोई साथ न दे, हर तरफ से उम्मीद टूट चुकी हो... तब एक ही शक्ति हमें उस कठिन घड़ी में सहारा देती है, और वह है – ईश्वर पर भरोसा। मन हर तरफ से टूट गया हो, लोगों से भरोसा उठ गया हो, मन थक गया हो, बस उदासी ही छाई हो, तब एक बार उस दिव्य, अलौकिक परमानंद के स्रोत, उस अदृश्य शक्ति ईश्वर को शुद्ध मन से, दिल की गहराई से पुकारिए और अपनी आत्मा की सुनिए। उस वक्त आपमें सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होगी, जो दुर्बल मन को असीम शक्ति प्रदान करेगी। उम्मीद की एक रौशनी जलेगी। आत्मा की पवित्र पुकार से सच में चमत्कार होगा और दुख दूर होंगे।

ईश्वर को अपने ह्रदय में स्थान दीजिए और उनका स्मरण करते रहिए। मन में पाप रखकर,



दूसरों का अहित कर, किसी को रुलाकर, उन्हें हानि पहुँचाकर आप भगवान को प्रसन्न नहीं कर सकते। ईश्वर के साथ होने का अहसास कोई साधारण बात नहीं। जब हम सच्चे मन से भगवान को याद करते हैं, तब दुख के पल में हिम्मत मिलती है। जब गम का अँधियारा हो, तब ईश्वर ही हमें रास्ता दिखाते हैं। याद रखिए, समय बदलते देर नहीं लगती। जब दुख से जीवन भरा हो और कोई साथ न हो, तब ईश्वर के होने का अहसास कीजिए। ईश्वर को अपने करीब महसूस करने से आत्मिक शक्ति मिलती है, भय दूर होता है, अकेलापन नहीं लगता। यह सांसारिक जीवन भ्रम है। मृत्यु सत्य है, एक दिन सब छोड़ उसी ईश्वर की शरण में जाना है। इसलिए बुराई त्यागकर हर पल हम ईश्वर का स्मरण करें, गलत न सोचें न करें, और सदैव दैवीय गुणों को अपनाएँ।

जीवन एक निरंतर बहने वाली नदी है। हम खुद को हर पल खुश, शांत और संतुष्ट रख सकते हैं, और यह करना हमें ही होगा। माना कि ईश्वर संसार के हर मनुष्य के साथ रहता है, सब देखता है, सब जानता है, पर वह यह नहीं कहता कि तुम व्याकुल हो जाओ। खुशी–खुशी निरंतर चलते रहना है। हमारी खुशियाँ हमारे पास, हमारे भीतर ही होती हैं। बस हमें उन्हें जीना है। एक पल भी निराश नहीं होना है। खुलकर हँसते रहना है। यही कोशिश करनी है। खुलकर हँसकर देखिए, सब ठीक है – इसका अहसास हो जाएगा। हमने खुद को व्याकुल बनाया है। खुश हमें ही रहना है।

*सुश्री सरोज कंसारी*
*कवयित्री / लेखिका / शिक्षिका*
*रिपोर्टर / उद्घोषिका,*
*नवापारा–राजिम,*
*रायपुर, (छत्तीसगढ़)*

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पिपराइच पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता गोरखपुर। जनपद में महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिपराइच पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष पिपराइच के नेतृत्व में की गई। क्या है पूरा मामला, थाना पिपराइच में पंजीकृत मुकदमा संख्या 189/2026, भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 69, 87, 127(2), 115(2), 352 और 351(2) के तहत आरोपी अनूप निषाद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्त पर आरोप है कि उसने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म और अन्य धाराओं के तहत अपराध कारित किया। घगिरफ्तार अभियुक्त का नामः अनूप निषाद (पुत्र स्व. विष्णु निषाद) पताः जंगल तिनकोनिया नं.–02, निषाद टोला, थाना पिपराइच, जनपद गोरखपुर गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमरू अनूप कुमार सिंह (थानाध्यक्ष, थाना पिपराइच) शिखा जयसवाल (महिला उप–निरीक्षक, थाना पिपराइच) मोहित सिंह (कांस्टेबल, थाना पिपराइच) धर्मेन्द्र कुमार (रिक्रूट कांस्टेबल, थाना पिपराइच) पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बकरा चोरी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

### –सिसोलर पुलिस ने चोरी का बकरा और वारदात में प्रयुक्त बाइक की बरामद

संवाददाता मौदहा(हमीरपुर)। थाना सिसोलर पुलिस ने बकरा चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया एक बकरा एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस के अनुसार थाना सिसोलर में दर्ज धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त मोनू वर्मा पुत्र स्वर्गीय जुगराज वर्मा, निवासी ग्राम मवई धाम, थाना चांदपुर, जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को ग्राम बजरंगी रोड, बहद ग्राम छानी, थाना सिसोलर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी किया गया एक बकरा तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरफ्तारी एवं बरामदगी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक दारा सिंह, हेड कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल रामू साहू एवं कांस्टेबल हरिओम शर्मा शामिल रहे।

## अवैध कच्ची शराब पर आबकारी विभाग का चाबुक, 200 किग्रा लहन नष्ट

संवाददाता गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत गोरखपुर आबकारी विभाग ने बड़ी



कार्रवाई की है। मंगलवार को आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश और जिला आबकारी अधिकारी गोरखपुर के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने थाना राजघाट क्षेत्र अंतर्गत कई संदिग्ध ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एस. एन. वर्मा (आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2 कैम्पियरगंज व अतिरिक्त प्रभार सेक्टर–2 सदर), शंकर लाल (आबकारी निरीक्षक, प्रवर्तन–2) और अरविंद कुमार (आबकारी निरीक्षक, प्रवर्तन–1) की संयुक्त टीम ने विभागीय स्टाफ के साथ राप्ती नदी के किनारे, अमरूदों के बागों और घनी झाड़ियों में सघन दबिश दी। मौके पर भट्ठियां ध्वस्त, मुकदमा दर्ज अवैध शराब कारोबारियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के उद्देश्य से की गई इस छापेमारी में टीम नेरू 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। 200 किलोग्राम लहन (कच्ची शराब बनाने का मिश्रण) मौके पर ही नष्ट किया। शराब बनाने के लिए धधक रही कई अवैध भट्ठियों को पूरी तरह तोड़कर ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत एक अभियोग दर्ज कर लिया गया है। आबकारी विभाग के अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा और आगे भी ऐसे संदिग्ध स्थलों पर नियमित छापेमारी जारी रहेगी।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखो में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखो की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व सॉफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखो के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आगरा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

## पीआरडी जवानों को मुख्यमंत्री योगी की बड़ी सौगात, ड्यूटी भत्ता 500 से बढ़ाकर 600 रुपये और हर साल पांच लाख तक मुफ्त इलाज

संवाददाता गोरखपुर, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों को बड़ी सौगात देते हुए उनके दैनिक ड्यूटी भत्ते में वृद्धि की घोषणा की। अब पीआरडी स्वयंसेवकों को 500 रुपये के स्थान पर प्रतिदिन 600 रुपये ड्यूटी भत्ता मिलेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों और उनके परिवार के सदस्यों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की भी शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवकों ने कानून–व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, यातायात संचालन, चुनाव ड्यूटी और विभिन्न महत्वपूर्ण आयोजनों में पुलिस एवं प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी जिम्मेदारी निभाई है। उनके योगदान और सेवाभाव को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है।योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित पीआरडी जवानों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने स्वयंसेवकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा के कार्ड वितरित कर 'मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना' का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर लखनऊ में करीब 23 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बहुमंजिला पीआरडी बैरक का शिलान्यास भी किया।अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1948 में गठित प्रांतीय रक्षक दल के स्वयंसेवकों को वर्ष 2019 तक मात्र 250 रुपये प्रतिदिन ड्यूटी भत्ता मिलता था। वर्ष 2019 में इसे बढ़ाकर 375 रुपये, वर्ष 2022 में 395 रुपये और वर्ष 2025 में बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन किया गया। अब एक बार फिर इसमें वृद्धि करते हुए ड्यूटी भत्ता 600 रुपये प्रतिदिन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीआरडी के 75 वर्षों के इतिहास में ड्यूटी भत्ता 250 रुपये तक ही पहुंच पाया था, जबकि पिछले आठ वर्षों में यह 250 रुपये से बढ़कर 600 रुपये होने जा रहा है। यह वृद्धि सौ प्रतिशत से भी अधिक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने और शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में पीआरडी स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पुलिस और प्रशासन के सहयोग में पीआरडी जवान पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले पीआरडी जवानों को नियमित रूप से ड्यूटी नहीं मिलती थी, लेकिन आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल गई हैं। पीआरडी के महत्व को समझते हुए सरकार ने उनकी भूमिका को व्यापक बनाया है और अब कई अवसरों पर ड्यूटी के लिए जवान कम पड़ जाते हैं।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्राकृतिक आपदा हो या महाकुंभ, दीपोत्सव, रंगोत्सव, यातायात व्यवस्था हो या चुनाव ड्यूटी, पीआरडी स्वयंसेवकों ने हर जिम्मेदारी को अनुशासन, सेवाभाव और समर्पण के साथ पूरा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पीआरडी जवानों के योगदान को सम्मान देते हुए उनके कल्याण के लिए लगातार कदम उठा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवकों और उनके परिवारों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय उनके प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत प्रदेश के 31 हजार से अधिक पीआरडी स्वयंसेवकों को सरकारी तथा सरकार से संबद्ध अस्पतालों में प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। परिवार के सदस्यों को शामिल करने पर इस योजना से 1.55 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। इससे पीआरडी जवानों और उनके परिवारों को गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी और उन्हें बेहतर उपचार की सुविधा मिल सकेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरडी जवानों ने प्रदेश की प्रगति और जनसेवा में निरंतर योगदान दिया है। सरकार का प्रयास है कि उनके कार्य की परिस्थितियों में सुधार के साथ–साथ उनके सामाजिक और आर्थिक हितों का भी ध्यान रखा जाए। ड्यूटी भत्ते में लगातार वृद्धि और अब कैशलेस चिकित्सा सुविधा इसी दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं।सम्मेलन में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, राजनीतिक पेंशन, सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि पीआरडी के जवान शांति, सुरक्षा और जनसेवा के मजबूत आधार हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले पीआरडी का बजट मात्र 23 करोड़ रुपये था, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसमें कई गुना वृद्धि हुई है। वर्तमान में पीआरडी का बजट बढ़कर 543 करोड़ रुपये हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार पीआरडी जवानों के कल्याण और उनकी सुविधाओं को लगातार बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है।सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दस पीआरडी स्वयंसेवकों को स्वयं कैशलेस चिकित्सा सुविधा कार्ड प्रदान किए। कार्ड प्राप्त करने वालों में गोरखपुर के अजय, भीमसेन, धीरेंद्र और उमेश कुमार, लखनऊ की स्नेहलता रावत और अनामिका वर्मा, कुशीनगर की चंदा भारती, मऊ के जय सिंह, चंदौली के मो. शाकिर तथा वाराणसी के किशन गुप्ता शामिल रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत की प्रशासक साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, पीआरडी विभाग के सचिव सुहास एलवाई, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## तकनीकी विश्लेषण से 5 महीने से लापता 17 वर्षीय बालक बरामद, होटल में कर रहा था काम

संवाददाता लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा गुमशुदा बच्चों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटी) की टीम ने करीब पांच महीने से लापता 17 वर्षीय बालक शिवांक रावत को सकुशल बरामद कर लिया। साइबर असिस्टेंस और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से बालक के डिजिटल फुटप्रिंट का पता लगाकर पुलिस टीम ने उसे आशियाना क्षेत्र से बरामद किया। घर से जाने के बाद बालक होटल में काम कर अपना जीवन–यापन कर रहा था और रात में पुल के नीचे सोता था।पुलिस आयुक्त तरुण गाबा तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय अपर्णा कुमार के निर्देशन में गुमशुदा बच्चों की बरामदगी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उपायुक्त अपराध अनिल कुमार यादव, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध किरन यादव के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त अपराध के पर्यवेक्षण में थाना एएचटी की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।पुलिस के अनुसार 6 मार्च 2026 को शिवांक के पिता मिथिलेश कुमार निवासी बगियामऊ, थाना सुशान्त गोल्फ सिटी ने अपने 17 वर्षीय पुत्र के गुम होने की सूचना थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में दी थी। सूचना के आधार पर अपराध संख्या 135/2026 के तहत धारा 137(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की प्रारंभिक विवेचना उपनिरीक्षक विवेक कुमार मिश्रा द्वारा की गई। इसके बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय के आदेश पर 25 जुलाई 2026 को विवेचना थाना एएचटी को स्थानांतरित कर दी गई। वर्तमान में मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक दशरथ सिंह द्वारा की जा रही है। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध किरन यादव द्वारा गुमशुदा बच्चों की बरामदगी को लेकर लगातार निगरानी की जा रही थी। उनके निर्देश पर साइबर असिस्टेंस के माध्यम से बालक के डिजिटल फुटप्रिंट और उपलब्ध तकनीकी इनपुट का गहन विश्लेषण कराया गया। जांच में सामने आया कि बालक अपने पुराने मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा था, लेकिन उसने अपना सिम कार्ड बदल लिया था। घर से जाने के बाद उसने आशियाना क्षेत्र में एक होटल में काम करना शुरू कर दिया था। ऐसे में तकनीकी और साइबर विश्लेषण पुलिस के लिए उसकी तलाश में महत्वपूर्ण साबित हुआ।लगातार किए गए तकनीकी विश्लेषण के दौरान प्राप्त डिजिटल इनपुट के आधार पर 15 अगस्त 2026 को बालक के मोबाइल की लोकेशन एन–सेक्टर, आशियाना क्षेत्र में मिली। सूचना मिलते ही थाना एएचटी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और 17 वर्षीय शिवांक रावत को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में बालक ने पुलिस को बताया कि वह हाईस्कूल में फेल हो गया था और उसका पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था। माता–पिता द्वारा पढ़ाई के लिए कहे जाने से नाराज होकर वह घर से चला गया था। घर से निकलने के बाद उसने अपना सिम कार्ड बदल लिया और आशियाना क्षेत्र में होटल में काम करने लगा। उसने बताया कि वह रात के समय पुल के नीचे सोकर रात बिताता



था।तकनीकी माध्यम से उसकी लोकेशन ट्रेस होने के बाद पुलिस टीम ने उसे आशियाना क्षेत्र से बरामद किया और आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लाया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद बालक को राजकीय बाल गृह (बालक), मोहन रोड में आवासित कराया गया। इसके साथ ही उसकी परिजनों से मुलाकात भी कराई गई। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध किरन यादव ने बताया कि थाना एएचटी द्वारा गुमशुदा बच्चों की बरामदगी और मानव तस्करी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में अलग–अलग मामलों में मानव तस्करी से जुड़े 13 बच्चों को सकुशल रेस्क्यू किया जा चुका है। शिवांक रावत की बरामदगी इस अभियान की 14वीं सफलता है। उन्होंने कहा कि लगातार निगरानी, अधिकारियों के मार्गदर्शन और साइबर असिस्टेंस के जरिए डिजिटल फुटप्रिंट के विश्लेषण ने इस बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई बालक या बालिका किसी कारणवश नाराज होकर घर से चला जाता है अथवा गुम हो जाता है तो परिजन तत्काल नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें। बच्चों की सुरक्षा और उनकी सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस उपलब्ध तकनीकी संसाधनों और डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग कर रही है। पुलिस ने यह भी अपील की है कि होटल, ढाबा, दुकान अथवा अन्य प्रतिष्ठानों में यदि किसी नाबालिग बच्चे के काम करने की जानकारी किसी व्यक्ति को मिलती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। इससे ऐसे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ उन्हें उनके परिवार से मिलाने में मदद मिलेगी।

## चार बड़ी औद्योगिक इकाइयों को 37.99 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देगी योगी सरकार

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों को गति देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति–2017 के अंतर्गत चार वृहद श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में 37 करोड़ 99 लाख 94 हजार 714 रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से पात्र औद्योगिक इकाइयों को नीति के तहत अनुमन्य प्रोत्साहन एवं सुविधाओं का लाभ मिलेगा।औद्योगिक विकास विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार स्वीकृत कुल धनराशि में से 75 लाख 99 हजार 895 रुपये नोडल एजेंसी को देय शासकीय व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए रखे जाएंगे, जबकि 37 करोड़ 23 लाख 94 हजार 819 रुपये संबंधित औद्योगिक इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में वितरित किए जाएंगे।सरकार द्वारा जारी विवरण के अनुसार वित्तीय प्रोत्साहन से लाभान्वित होने वाली चार औद्योगिक इकाइयों में लखनऊ, मथुरा, मेरठ और चंदौली की इकाइयां शामिल हैं। इनमें मैसर्स पुरुषोत्तम राम फूड्स इंडिया लिमिटेड, लखनऊ को 4 करोड़ 28 लाख 57 हजार 821 रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी।इसी क्रम में मैसर्स वरुण बेवरेजेज लिमिटेड, मथुरा को 21 करोड़ 86 लाख 56 हजार 816 रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाएगा। मैसर्स पसवारा पेपर्स लिमिटेड, मेरठ को 9 करोड़ 73 लाख 94 हजार 800 रुपये तथा मैसर्स एस.ए. आयरन एंड एलॉयज प्राइवेट लिमिटेड, चंदौली को 1 करोड़ 34 लाख 85 हजार 382 रुपये की धनराशि वितरित की जाएगी।सरकार के इस फैसले को प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और निवेशकों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत पात्र इकाइयों को विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहन एवं सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, ताकि प्रदेश में नए निवेश को आकर्षित करने के साथ मौजूदा औद्योगिक इकाइयों के विस्तार को भी प्रोत्साहन मिल सके।वित्तीय सहायता मिलने से संबंधित औद्योगिक इकाइयों की उत्पादन क्षमता, निवेश गतिविधियों और रोजगार सृजन को गति मिलने की उम्मीद है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश में अनुकूल औद्योगिक वातावरण तैयार कर निवेशकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख औद्योगिक एवं निवेश केंद्रों में स्थापित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली व्यवस्था मे सुधार के लिए महासभा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

संवाददाता रायबरेली। अखिल भारतीय हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने सरेनी विधानसभा क्षेत्र में खराब विद्युत आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह प्रतिदिन महज 5 से 6 घंटे बिजली मिल रही



है। विशेष रूप से मल्केगाँव विद्युत उपकेंद्र की व्यवस्था सुधारने की मांग की गई है। किसानों ने सिंचाई में दिक्कत और फसलों को नुकसान की आशंका जताई है। महासभा ने 22 अगस्त तक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। सुधार न होने पर 24 अगस्त को मल्केगाँव पावर हाउस परिसर में शांतिपूर्ण धरना–प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।

### नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

#### –पुलिस ने बालिका को सकुशल किया बरामद, आरोपी को भेजा जेल

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर थाना पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लड़की को भी सकुशल बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। 27 जून 2026 को वादिनी ने राजपुर थाने में लिखित तहरीर दी थी। इसमें बताया गया था कि उसकी करीब 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को धीरेन्द्र पुत्र धर्मेन्द्र, निवासी ग्राम अनवां, थाना राजपुर, बहला–फुसलाकर कहीं ले गया है। तहरीर के आधार पर राजपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 74/2026 के तहत धारा 137(2)/87 बीएनएस में मामला दर्ज किया और अभियुक्त की तलाश शुरू की। थाना अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने मंगलवार, 18 अगस्त 2026 को वांछित अभियुक्त धीरेन्द्र (उम्र करीब 19 वर्ष) को उसके घर ग्राम अनवां से गिरफ्तार किया। इसी दौरान पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त धीरेन्द्र को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नीरज कुमार, कांस्टेबल राजा और कांस्टेबल उदयवीर शामिल थे।

### शिक्षकों के 77,400 से अधिक रिक्तपदों पर भर्ती की मांग को लेकर आप की छात्र विंग का प्रदर्शन

संवाददाता लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की जर्जर स्थिति, बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षकों के 77,400 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी की छात्र विंग एएसएपी ने मंगलवार को राजधानी में जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र विंग के प्रदेश अध्यक्ष अनित रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हजरतगंज चौराहे के निकट जीपीओ पर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सरकारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा शिक्षकों के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती की मांग उठाई।प्रदर्शन के दौरान अनित रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालय बदहाली का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई विद्यालयों में पर्याप्त कक्ष नहीं हैं और जहां कक्ष उपलब्ध हैं, वहां शिक्षकों की कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरत के लिए छोटे बच्चों को भी सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को विद्यालयों में बैठकर पढ़ाई करनी चाहिए और अपना भविष्य संवारना चाहिए, वे शिक्षकों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से सरकारी विद्यालयों में पर्याप्त कक्ष, मूलभूत सुविधाएं और शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।अनित रावत ने कहा कि प्रदेश में शिक्षकों के करीब 77,400 से अधिक पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार इन रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती प्रक्रिया शुरू करती है तो एक ओर विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर होगी, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने सरकार से रिक्त पदों की संख्या स्पष्ट करते हुए पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की।उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने तथा सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार युवाओं की बुनियादी जरूरत हैं और सरकार को इन मुद्दों पर गंभीरता से काम करना चाहिए।अनित रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन का उल्लेख करते हुए सरकार पर युवाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब युवा बेहतर शिक्षा और रोजगार को लेकर सवाल पूछते हैं तो उन्हें नकारात्मक नजरिए से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि युवा अपने अधिकारों और रोजगार के अवसरों की मांग कर रहे हैं, किसी से खैरात नहीं मांग रहे।उन्होंने कहा कि सरकार को युवाओं के सवालों का जवाब देना चाहिए और शिक्षा तथा रोजगार के मुद्दों पर ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं की समस्याओं को लेकर आवाज उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है।आप की छात्र विंग के प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकारी विद्यालयों की खराब स्थिति का सबसे अधिक असर गरीब, मजदूर और किसान परिवारों के बच्चों पर पड़ रहा है।

# न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

फोटो परिचय– 1

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिद्धार्थनगर। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पिपरा रामलाल में राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम सभा की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान खेल के मैदान और ग्राम समाज की भूमि पर किए गए



अवैध कब्जे को हटाया गया। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर के न्यायालय द्वारा वाद संख्या 1057/2026 एवं 1058/2026 में 05 अगस्त को पारित आदेश तथा तहसीलदार (न्यायिक), डुमरियागंज के न्यायालय द्वारा 12 जून को पारित बेदखली आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई। राजस्व एवं पुलिस टीम ने ग्राम पिपरा रामलाल, तप्पा सगरा, थाना पथरा बाजार में स्थित गाटा संख्या 1028, रकबा 0.0630 हेक्टेयर की खेल मैदान की भूमि तथा गाटा संख्या 1029, रकबा 0.0140 हेक्टेयर की ग्राम समाज की भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान ग्राम प्रधान/प्रशासक भी मौके पर मौजूद रहे। बताया गया कि ग्राम सभा की भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत के बाद क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट के आध ाार पर तहसीलदार (न्यायिक), डुमरियागंज के न्यायालय में सरकार बनाम अब्दुल सलाम पुत्र मोहम्मद इद्रीश के विरुद्ध बेदखली का वाद दाखिल किया गया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनवाई और साक्ष्य प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर देने के बाद 12 जून को बेदखली का आदेश पारित किया। इसके बाद अब्दुल सलाम की ओर से जिलाधिकारी के न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी के न्यायालय ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद 05 अगस्त को तहसीलदार (न्यायिक) के आदेश को यथावत रखते हुए बेदखली के आदेश की पुष्टि कर दी। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण हटाया और सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून–व्यवस्था सामान्य बनी रही।

# एक महीने से खराब एक्स-रे मशीन, मरीजों की बढ़ी परेशानी

## -10 से 20 किलोमीटर दूर एक्स-रे कराने को मजबूर मरीज, निजी केंद्रों पर भी खर्च करनी पड़ रही रकम

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर में पिछले करीब एक महीने से एक्स–रे मशीन खराब पड़ी है। मशीन का एक्सपोजर खराब होने के कारण अस्पताल में मरीजों के एक्स–रे नहीं हो पा रहे हैं। इससे दूर–दराज के गांवों से इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी सलेमपुर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। चिकित्सक द्वारा जांच के दौरान जब किसी मरीज को एक्स–रे कराने की सलाह दी जाती है तो अस्पताल में मशीन खराब होने के कारण मरीजों को बाहर जाना पड़ता है। कई मरीजों को मजबूरी में करीब 10 से 20 किलोमीटर दूर दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों या निजी एक्स–रे सेंटरों पर जाना पड़ रहा है। इससे मरीजों का समय



और किराया दोनों खर्च हो रहे हैं। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को निजी केंद्रों पर एक्स–रे कराने के लिए अतिरिक्त रकम खर्च करनी पड़ रही है। अस्पताल में एक्स–रे टेक्नीशियन पिंटू यादव की तैनाती है। बताया गया कि टेक्नीशियन नियमित रूप से अस्पताल आते हैं, लेकिन मशीन में तकनीकी खराबी होने के कारण एक्स–रे का कार्य नहीं हो पा रहा है। मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद मशीन खराब रहने से उन्हें बाहर जांच कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सीएचसी सलेमपुर में तैनात चिकित्सक डॉ. आरपी सागर ने बताया कि एक्स–रे मशीन में खराबी की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है। मशीन की तकनीकी समस्या दूर होने के बाद ही एक्स–रे की सुविधा दोबारा शुरू हो सकेगी। वहीं राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. सलिल सचान ने बताया कि जल्द ही टेक्नीशियन को बुलाकर मशीन की जांच कराई जाएगी और उसे चालू कराने का प्रयास किया जाएगा। लगातार एक महीने से मशीन खराब होने के कारण मरीजों में नाराजगी है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द एक्स–रे मशीन को दुरुस्त कराकर सुविधा शुरू कराने की मांग की है, ताकि मरीजों को जांच के लिए दूर–दराज के क्षेत्रों और निजी केंद्रों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# साइबर थाना पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## – कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देश तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा साइबर क्राइम से सम्बन्धित मुकदमे में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना अर्जुन सिंह द्वारा गठित नि0 उपेन्द्र नाथ राय मय हमराह हे0कां0 विश्ववीर सिंह व कां0 अखिलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण, विवेचनात्मक कार्यवाही एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान थाना स्थानीय पर पंजी.त किया गया अभियुक्त पवन कुमार पुत्र गयासी राजपूत निवासी ग्राम कालीपहाड़ी थाना कोतवाली नगर को गिरतार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरतार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।




# जुलूस-ए-मोहम्मदी के रास्तों को दुरुस्त कराने के लिए इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## –ईद–मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलूस मार्ग में साफ–सफाई, बिजली–पानी, जर्जर तार और सड़कों के गड्ढे ठीक कराने की उठाई मांग

संवाददाता गोरखपुर। पैगंबर हजरत मोहम्मद (स.अ.) के जन्मदिन (ईद– मिलादुन्नबी) के



अवसर पर आगामी 26 अगस्त को निकलने वाले जुलूस–ए–मोहम्मदी की तैयारियों को लेकर श्इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटीश ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कमेटी ने जुलूस मार्गों की बुनियादी समस्याओं का समय रहते निस्तारण कराने की मांग की है। अध्यक्ष अब्दुल्लाह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हाल ही में सबेरा मैरिज हाल (गोरखनाथ) में मुतवल्लियों की बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें जुलूस मार्ग में आने वाली विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा की गई। कमेटी ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए जुलूस मार्गों पर नालियों की सफाई, चूने का छिड़काव और जर्जर विद्युत पोलों को दुरुस्त करना अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगों पर जोर दिया गया नाली व बिजली व्यवस्थारू जुलूस मार्ग में पड़ने वाले विद्युत पोलों, लटकते तारों और नालियों की व्यवस्था समय रहते दुरुस्त की जाए। सड़क व मलबे की सफाईरू शहर में चल रहे विकास कार्यों के कारण सड़कों पर फैले मलबे को हटाया जाए तथा जफरा बाजार चौराहे से बेनीगंज चौराहे तक निर्माणाधीन मार्ग समेत सभी गड्ढों को तत्काल भरा जाए । घबिजली–पानी की निर्बाध आपूर्तिरू बारह रबी अव्वल के दिन जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति निरंतर सुचारू रखी जाए। घ्बाधाओं को हटानारू जुलूस मार्ग पर किसी भी प्रकार के क्रास बैनर को हटवाया जाए ताकि जुलूस के निकलने में कोई बाधा न उत्पन्न हो। घ्धार्मिक स्थलों की सफाईरू मस्जिद, खानगाह और दरगाहों के आसपास साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था कराई जाए। घ्कमेटी ने अजय नगर, रसूलपुर, जमुनहिया बाग, हुमायुपुर, पंचपेड़वा, सिधारीपुर, गोरखनाथ, चक्सा हुसैन, जाहिदाबाद, इलाहीबाग, तिवारीपुर, जाफरा बाजार, तुर्कमानपुर, रुस्तमपुर, पादरी बाजार सहित जिले के समस्त ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के जुलूस मार्गों पर पथ–प्रकाश व नाली व्यवस्था दुरुस्त कराने का आग्रह किया है। घ्इस दौरान अकील अहमद, शकील अहमद, मंसूर आलम, हाजी खर्शीद आलम, अफरोज आलम, महफूज आलम, मोहम्मद निजामुद्दीन अंसारी सहित कई पदाधिकारी व मुतवल्ली उपस्थित रहे।

# अटेवा प्रीमियर लीग सीज़न-5 की विजेता राजपुर टीम का सम्मान

## –खंड शिक्षा अधिकारी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया, कप्तान को ट्रॉफी सौंपी

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर में अटेवा प्रीमियर लीग सीज़न–5 की विजेता राजपुर क्रिकेट टीम के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। मंगलवार को बीआरसी कार्यालय में हुए इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने विजेता टीम के खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने टीम के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की सराहना की। इस



अवसर पर राजपुर क्रिकेट टीम के कप्तान सत्येंद्र गौतम ने विजेता ट्रॉफी खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह को सौंपी। खंड शिक्षा अधिकारी ने खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह के प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी ने राजपुर क्रिकेट टीम के कोच प्रदीप कुमार निरंजन का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने टीम की सफलता में उनके मार्गदर्शन और योगदान की सराहना की। इस कार्यक्रम में राजपुर क्रिकेट टीम के कप्तान सत्येंद्र गौतम के साथ रविंद्र सिंह, अमित यादव, सिद्धेश्वर त्रिपाठी, अंकित सचान, हिमांशु सिकरवार, अभिषेक तिवारी, अमित पांडेय, राम सूरत, अनिकेत यादव, सुधीर त्रिवेदी, रमन राजपूत, भानु प्रताप सिंह और अर्पित सचान सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक सैय्यद फरहान ने किया। इस अवसर पर एआरपी शोमिल बाबू, सरिता कटियार, विवेक सचान सहित अन्य शिक्षक और गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने राजपुर टीम की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल खेल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# छत की रेलिंग से कूदी छात्रा, घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। शहर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही एक छात्रा सोमवार सुबह लाइब्रेरी की छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद अन्य छात्रों में अफरा–तफरी मच गई। घायल छात्रा को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी छात्रा पिछले करीब दो माह से शक्ति चौक के पास स्थित लाइब्रेरी में पढ़ाई करने आ रही थी। सोमवार सुबह करीब नौ बजे वह लाइब्रेरी पहुंची और अपना बैग सीट पर रखने के बाद छत पर चली गई। प्रत्यक्षदर्शी छात्रों के मुताबिक कुछ देर तक छात्रा छत पर टहलती रही। इसके बाद वह रेलिंग के पास पहुंची और अचानक नीचे छलांग लगा दी। छात्रा के सड़क पर गिरते ही आसपास मौजूद लोगों और छात्रों ने उसे संभाला। उसके हाथ–पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि चेहरे और मुंह की हड्डी में भी फ्रैक्चर बताया गया है। साथी छात्र उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे सहपाठियों के अनुसार छात्रा बीते दो माह में केवल दो–तीन बार ही लाइब्रेरी की छत पर गई थी। रविवार को भी वह छत की ओर गई थी, लेकिन सीढ़ियों से ही वापस लौट आई थी। सोमवार को वह दोबारा छत पर पहुंची और यह घटना हो गई। परिजनों के मुताबिक छात्रा पिछले कुछ समय से किसी बात को लेकर तनाव में थी, हालांकि उसने परिवार के किसी सदस्य से इस संबंध में कोई बात नहीं की थी। क्षेत्राधिकारी सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि छात्रा के छत से गिरने के संबंध में परिजनों की ओर से फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

# ऑटो में छूटा आंध्र प्रदेश के छात्र का बैग, कैण्ट पुलिस ने CCTV की मदद से ढूंढकर लौटाया

संवाददाता गोरखपुर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दाखिला लेने आंध्र प्रदेश से आए एक छात्र का बैग ऑटो में छूट गया। बैग में छात्र के सभी महत्वपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज और व्यक्तिगत सामान था। कैण्ट थाना क्षेत्र की रेलवे पुलिस चौकी की तत्परता से महज कुछ ही घंटों में बैग बरामद कर छात्र को सुपुर्द कर दिया गया। घ्सीसीटीवी कैमरों की मदद से मिली सफलता पीड़ित छात्र ने बैग गुम होने की जानकारी तुरंत रेलवे पुलिस चौकी पर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी उप–निरीक्षक रवि प्रकाश कुंवर ने पुलिस टीम के साथ तुरंत कार्रवाई शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संबंधित ऑटो की पहचान की गई और बैग को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। घ्छात्र ने जताया गोरखपुर पुलिस का आभार अपना बैग और सुरक्षित दस्तावेज वापस पाकर छात्र के चेहरे पर खुशी लौट आई। उसने त्वरित और सराहनीय कार्रवाई के लिए गोरखपुर पुलिस का दिल से धन्यवाद करते हुए उनकी भूरि–भूरि प्रशंसा की। घ्बरामदगी करने वाली पुलिस टीम, घ्उ0नि0 रवि प्रकाश कुंवर (चौकी प्रभारी, रेलवे चौकी, थाना कैण्ट) घ्कांस्टेबल संजीत यादव (थाना कैण्ट) घ्कांस्टेबल आशुतोष पाण्डेय (थाना कैण्ट) रिक्रूट कांस्टेबल अनुराग (थाना कैण्ट)।



# अलरा गौरा में रामलीला का भव्य मंचन, सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने मोहा मन

संवाददाता मुस्करा(हमीरपुर) नाग पंचमी के पावन पर्व पर विकासखंड मुस्करा क्षेत्र के ग्राम अलरा गौरा में सोमवार की रात श्रीरामलीला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने फीता काटकर किया। विधायक मनीषा अनुरागी एवं ग्राम प्रधान बाबू सिंह ने भगवान श्रीराम की झांकी की आरती कर रामलीला का विधिवत शुभारंभ किया। गांव अलरा गौरा में नाग देवता के मंदिर का इतिहास करीब पांच सौ वर्ष पुराना बताया जाता है। नाग पंचमी के अवसर पर यहां तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसमें दूर–दराज से बड़ी संख्या



में श्रद्धालु एवं दर्शक पहुंचते हैं। रामलीला में दूर–दराज से आए सुप्रसिद्ध कलाकारों ने सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ तथा परशुराम–लक्ष्मण संवाद का जीवंत एवं मार्मिक मंचन किया। सीता स्वयंवर के दौरान अनेक बड़े–बड़े राजा भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाकर तोड़ने में असफल रहे। इससे राजा जनक व्यथित होकर विलाप करने लगे। राजा जनक का विलाप सुनकर दर्शक भावुक हो गए और कई लोग अपने आंसू नहीं रोक सके। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को भंग कर दिया। धनुष टूटते ही राजा जनक के चेहरे पर खुशी छा गई। सीता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डाली तो उपस्थित दर्शकों ने पुष्प वर्षा कर जयकारे लगाए। शिव धनुष टूटने की सूचना पर भगवान परशुराम स्वयंवर सभा में पहुंचे और क्रोध प्रकट करते हुए धनुष तोड़ने वाले के बारे में पूछा। भगवान श्रीराम के विनम्र जवाब के बाद भी परशुराम का क्रोध शांत नहीं हुआ। इसी दौरान लक्ष्मण के तीखे संवादों से माहौल और भी रोमांचक हो गया। परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुए जोरदार एवं मार्मिक संवाद ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। रामलीला देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और कलाकारों के शानदार मंचन की जमकर सराहना की।

# मुठभेड़ में लूट का आरोपी पैर में गोली लगने से घायल, साथी भी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। चांदपुर मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में लूट का मुख्य आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ के आधार पर उसके एक साथी को भी गिरतार कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई बाइक, मोबाइल फोन, तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

शहर कोतवाली पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। आरोप है कि उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बाइक सवार के पैर में गोली लगी। घायल की पहचान देव निवासी रेहड़वा के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दरानगर गंज रोड पर नहर के पास एक राहगीर से बाइक और दो मोबाइल लूटने की बात कबूल की। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर लूटी गई बाइक बरामद कर ली। इसके बाद पुलिस ने उसके साथी मनीष निवासी गावड़ी बुजुर्ग को भी गिरतार कर लिया। मनीष के कब्जे से लूटे गए दोनों मोबाइल बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों का छह युवकों का गिरोह है। किसी के पास बाइक नहीं होने के कारण सभी पैदल नहर के पास पहुंचे थे। वहां तमंचा दिखाकर राहगीर से बाइक लूटने के बाद आरोपी करीब दो घंटे तक घटनास्थल के आसपास खेतों में छिपे रहे। बाद में लूटी गई बाइक से फरार हो गए। क्षेत्राधिकारी सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि मुख्य आरोपी करीब 22 वर्ष का है और इंटरमीडिएट तक पढ़ा है। पूछताछ में उसके आपराधिक गतिविधियों और साथियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

# परिवार रजिस्टर में बच्चों के नाम दर्ज कराने को लेकर अभद्रता का आरोप

संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत




ग्राम पंचायत बीबनपुर के मजरा घटापारा गांव निवासी कृष्णपाल सिंह ने परिवार रजिस्टर में अपने पुत्र–पुत्री के नाम दर्ज कराने के मामले में पंचायत सचिव पर अभद्रता और गाली–गलौज करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर उन्होंने मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजपुर के नाम लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कृष्णपाल सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री तान्या यादव और पुत्र मानस यादव के नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज नहीं हैं। दोनों के नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कराने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया था। मामले में सहायक विकास अधिकारी पंचायत कल्याण सिंह ने ग्राम पंचायत बीबनपुर के पंचायत सचिव राजेंद्र कुमार विश्वकर्मा को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। पीड़ित के अनुसार, वह सहायक विकास अधिकारी के निर्देश के बाद अपना प्रार्थना पत्र लेकर पंचायत सचिव राजेंद्र कुमार विश्वकर्मा के पास पहुंचा। आरोप है कि सचिव ने उसकी समस्या सुनने के बजाय उसके साथ गाली–गलौज करते हुए अभद्रता की और वहां से भगा दिया। इस घटना से आहत कृष्णपाल सिंह ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कृष्णपाल सिंह का कहना है कि बच्चों के नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज कराने के लिए वह संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। उन्होंने अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और परिवार रजिस्टर में दोनों बच्चों के नाम दर्ज कराने की मांग की है। वहीं, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कल्याण सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। प्रार्थना पत्र और लगाए गए आरोपों की जांच–पड़ताल कराई जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तदर्थ प्रशासनिक कमेटी का गठन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। रामलीला कार्यक्रम एवं अन्य सभी आयोजित कार्यक्रमों हेतु एक तदर्थ प्रशासनिक कमेटी का गठन किया गया है। इस वर्ष 05 सितंबर को दधिलीला रथयात्रा अपने परम्परागत मार्ग श्री राधा.ष्ण मंदिर, थाना क्षेत्र रसूलपुर से घण्टाघर, गंज चौराहा, सेण्ट्रल चौराहा, बाग छिंगामल, गांधी पार्क चौराहा, नगर निगम के प्रवेश द्वार से होती हुयी उसी मार्ग से वापस होकर श्री राधा.ष्ण मंदिर तक निकाली जायेगी। अतः उक्त कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में 21 अगस्त को समय 04 पी0एम0 एक बैठक का आयोजन किया गया है।

### सीएम ने पीआरडी स्वयंसेवक जवानों को दी सौगात

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद मुख्यालय पर पीआरडी जवानों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कार्यक्रम युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा विकास भवन स्थित सभागार में कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदर मनीष असीजा सम्मिलित हुए।

मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपजिलाधिकारी मुख्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रांतीय रक्षक दल के अधिकारीगण एवं पीआरडी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा पीआरडी जवानों के ड्यूटी भत्ता में बढ़ोत्तरी व पीआरडी स्वयंसेवक एवं उनके आश्रित के कैशलेस उपचार आदि की घोषणा की गई। कार्यक्रम के समापन पर विधायक सदर मनीष असीजा द्वारा पीआरडी स्वयंसेवक का कैशलेश उपचार की सुविधा एवं ड्यूटी भत्ता के बढ़ोतरी की शुभकामना देते हुए ड्यूटी और अधिक ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा से करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जवानों को संबोधित किया और उन्हें शुभकामनाएं दी और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त विभागीय अधिकारी मोहित यादव, पुनीत कुमार, जितेंद्र सिंह, मनोज कुमार यादव एवं रमेश चंद्र उपस्थित रहे।

### हर्ष फायरिंग करने वाला अवैध असलहा सहित गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्रों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक



नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर हर्ष फायरिंग करने वाले अभियुक्त सीताराम पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम खंजापुर थाना रसूलपुर को एक अवैध तमंचा 315 बोर, 04 खोखा कारतूस 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित बरी चौराह फतेहाबाद रोड के पास थाना रसूलपुर से गिरतार किया गया है।

### डीएम ने फोरलेन मार्ग चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा परमानन्द से झलकारीबाई तक फोरलेन मार्ग के चौड़ीकरण एवं सु.ढीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान इं० विकास कुमार जौहरी, अधिशासी अभियन्ता प्रा०ख०, लोक



निर्माण विभाग महोबा ने अवगत कराया कि परमानन्द चौक से झलकारी बाई तिराहा तक लगभग दायीं ओर 1800 मी० एवं बाईं ओर 2100 मी0 लम्बाई में डब्लू०एम०एम० स्तर तक चौड़ीकरण का कार्य किया जा चुका है।

अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम की कुछ स्थानों पर पाइप लाइन शिटिंग न होने तथा पाइप लाइन लीकेज के कारण मार्ग में चौड़ीकरण का कार्य बाधित होने के कारण शेष है तथा कुछ स्थानों पर जैसे स्टेट बैंक मुख्य शाखा महोबा के पहले तथा रिलाइन्स पेट्रोल पम्प के पास विद्युत पोल शिटिंग न होने के कारण मार्ग चौड़ीकरण का कार्य बाधित है। इस पर डीएम द्वारा स्थानीय कजली मेला को .ष्टिगत रखते हुये विद्युत विभाग महोबा एवं जल निगम महोबा को ट्रान्सफार्मर, विद्युत पोल शिटिंग एवं पाइप लाइन शिटिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर इं० विकास कुमार जौहरी, अधिशासी अभियन्ता, इं० राममिलन, इं० प्रदीप कुमार अवर अभियन्ता, प्रा०ख०, लोक निर्माण विभाग, महोबा, सहायक अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड एवं सहायक अभियन्ता जल निगम मौके पर उपस्थित रहे।

# खीरी टाउन में 15 दिनों से बिजली व्यवस्था धड़ाम

## - बूंद-बूंद पानी को तरसे कस्बे के लोग
## - सुबह से गुल रही बत्ती, पावर हाउस पहुंचे सपा नेता व सभासद

न्यूज वाणी ब्यूरो

कस्बा खीरी (लखीमपुर खीरी)। कस्बा खीरी में बीते 15 दिनों से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। अघोषित बिजली कटौती और आए दिन आ रही तकनीकी कमियों से कस्बे की जनता का हाल बेहाल है। मंगलवार को सुबह से ही पूरे कस्बे की बिजली गुल रहने से हालात और ज्यादा गंभीर हो गए। उमस भरी गर्मी के बीच बिजली न रहने से घरों में जलापूर्ति ठप हो गई, जिससे लोगों को पेयजल के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। लगातार हो रही इस समस्या और जनता की परेशानी को देखते हुए नगर पंचायत खीरी के पूर्व अध्यक्ष फहीम अहमद के भाई अतीक अहमद उर्फ बाबा, नगर पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अदनान अंसारी, शकील अहमद, सईद अंसारी, जीतू तथा सभासद नसीम गौरी ने खीरी टाउन स्थित पावर हाउस का रुख किया। प्रतिनिधिमंडल ने पावर हाउस



पहुंचकर वहां मौजूद कर्मचारियों से बिजली आपूर्ति ठप होने और फॉल्ट के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद नेताओं ने उपखंड अधिकारी/जेई से फोन पर वार्ता कर कस्बे में व्याप्त बिजली संकट और पानी की किल्लत से उन्हें विस्तार से अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था न सुधरी तो जनआक्रोश बढ़ सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जेई ने फोन पर आश्वासन दिया कि फॉल्ट को ठीक करने का काम तेजी से चल रहा है और बहुत जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

# संकुल धरैंचा की अगस्त माह संकुल शिक्षक बैठक सम्पन्न

## - ब्लॉक को सबसे बेहतर और सुन्दर बनाना है : संजीव पटेरिया

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। दशासन





की मंशानुसार खैराबाद ब्लॉक के समस्त संकुलों में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार मिश्र के दिशा निर्देशन में किया गया। संकुल धरैंचा की अगस्त माह की संकुल बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरैंचा में संपन्न हुई। इस अवसर पर एआरपी संजीव पटेरिया उपस्थित रहे। बैठक मासिक एजेंडा के अनुसार संचालित की गई संकुल शिक्षकों द्वारा विभाग द्वारा प्राप्त एजेंडे के आधार पर गतिविधि कराई गईं। बच्चों को सीखने की लय में लाने के लिए तथा विज्ञान किट के उपयोग और स्मार्ट क्लास, टैबलेट आईसीटी लैब के प्रभावी उपयोग, पोर्टल पर अपलोड समय सारणी के अनुसार कक्षाएं व गतिविधियां, इको क्लब, रिमीडियल शिक्षण कैचअप, योग्यता आधारित फॉर्म भरने तथा बच्चों को प्रोत्साहन देने वाले कार्यों और यूनिफार्म आदि के सम्बन्ध में तथा मौखिक भाषा विकास संबंधी खेल गतिविधियों आदि पर चर्चा की गई विद्यालयों के सर्वोत्तम एकेडमिक अभ्यास पर चर्चा की गई। नोडल संकुल शिक्षक काजिम हुसैन तथा संकुल शिक्षक हसन जमाल रिजवी ने विस्तार से बताया संकुल शिक्षक एजाज अहमद मुदित पाण्डेय फैजुल हसन ने कहा कि हम सब साथी शिक्षक टीम भावना से कार्य करेंगे तो प्रगति होगी और अगर किसी को कोई समस्या हो तो बताए उसका निस्तारण किया जाएगा। एआरपी संजीव पटेरिया ने सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अपने अपने विद्यालयों में शिक्षक डायरी अवश्य बनाएं और नियमित उसी के अनुसार कार्य करें जो भी कार्य करें पूरी तरह गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करें तथा अपने कार्यों को सबसे पहले पूरा किया करें तभी हम सफलता हासिल कर सकते हैं निपुण आंकलन प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में शत प्रतिशत आवश्यक रूप से करवाना आवश्यक है क्योंकि यह जिलाधिकारी की प्रथम वरीयता में एक है। बैठक का शुभारंभ अमृता शुक्ला अंजू राजवंशी, मुदित मंडित पांडेय द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। बैठक में संकुल धरैंचा के 108 शिक्षकों के सापेक्ष 23 शिक्षक मौजूद थे। इसी अवसर पर सभी संकुल शिक्षकों द्वारा डीसीएफ भी भरा गया। बैठक का संचालन नोडल संकुल शिक्षक काजिम हुसैन ने किया। बैठक के अंत में प्रधानाध्यापिका अंजू राजवंशी ने आभार व्यक्त किया तथा बच्चों और स्टाफ के द्वारा बनाए गए टी एल एम का प्रदर्शन भी कराया।

# स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली को लेकर हुआ संवेदीकरण कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद न्यायालय परिसर में आज स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली एवं मध्यस्थता प्रक्रिया के संबंध में अधिवक्ताओं हेतु संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिवक्ताओं को स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली, अधिकारिता एवं उपयोगिता के साथ–साथ मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से विवादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में अरविंद कुमार सिंह प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मुकेश कुमार सिंघल अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जनपद के अधिवक्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थायी लोक अदालत की भूमिका एवं उसके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया गया कि लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों के सरल, त्वरित एवं प्रभावी समाधान की दिशा में स्थायी लोक अदालत एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक विवाद समाधान मंच है। अधिवक्ताओं को स्थायी लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकने वाले प्रकरणों तथा प्री–लिटिगेशन स्तर पर विवादों के समाधान की प्रक्रिया के संबंध






ा में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही मध्यस्थता प्रक्रिया के महत्व पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि मध्यस्थता पक्षकारों के मध्य संवाद, आपसी समझ एवं विश्वास को बढ़ावा देने वाली प्रभावी प्रक्रिया है, जिसमें पक्षकारों को अपनी सहमति से विवाद का समाधान तलाशने का अवसर मिलता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान होने के साथ–साथ पक्षकारों के समय एवं संसाधनों की बचत होती है तथा न्यायालयों में लंबित वादों के भार को कम करने में भी सहायता मिलती है। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं से आह्वान किया गया कि वे अपने मुवक्किलों को उपयुक्त मामलों में स्थायी लोक अदालत एवं मध्यस्थता जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान के प्रभावी माध्यमों के संबंध में जागरूक करें तथा आपसी संवाद एवं सहमति के माध्यम से विवादों के समाधान के लिए प्रेरित करें। अधिवक्ताओं द्वारा कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया गया तथा अपनी जिज्ञासाएं रखी गईं। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि विवादों का समाधान केवल निर्णय के माध्यम से ही नहीं, बल्कि संवाद, समझ और सहमति के माध्यम से भी संभव है। स्थायी लोक अदालत एवं मध्यस्थता की प्रभावी व्यवस्था के माध्यम से आमजन को सुलभ, त्वरित एवं कम खर्चीला न्याय उपलब्ध कराने में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिवक्ताओं से अपेक्षा की गई कि वे वैकल्पिक विवाद समाधान की इन प्रभावी व्यवस्थाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जनसामान्य तक इनके लाभ पहुंचाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे।

# पीआरडी जवानों को कैशलेस चिकित्सा योजना का तोहफा

## – ड्यूटी भत्ता बढ़कर हुआ 600 रुपये

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह, रामगढ़ताल में पीआरडी जवानों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए जवानों और उनके आश्रित परिवारों के लिए मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस चिकित्सा योजना की घोषणा की। इसके साथ ही पीआरडी जवानों के वर्तमान निर्धारित ड्यूटी भत्ते में 100 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि करते हुए इसे 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये प्रतिदिन करने की घोषणा की गई।

मुख्यमंत्री ने सरोजनी नगर लखनऊ में 22.95 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली पीआरडी जवानों की बहुमंजिला बैरक का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जनपदों को वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया। जनपद मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने पीआरडी जवानों को मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की बधाई दी। उन्होंने जवानों से अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 81वीं स्मृति दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) संदीप श्रीवास्तव ने विधायक सरिता भदौरिया का बुके देकर स्वागत किया। वहीं प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी विकास कुमार ने अपर जिलाधिकारी का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कार्यालय सहायक राजीव त्रिपाठी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी धीरज यादव एवं अतुल कुमार सहित जनपद के सभी विकास खंडों से 100 से अधिक पीआरडी जवानों ने प्रतिभाग किया।

### कुश्ती प्रतियोगिता में आरबीएसबीएस इण्टर कॉलेज कमलापुर बना ओवरऑल विजेता

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद स्तरीय कुश्ती (बालक/बालिका) प्रतियोगिता का बबीता शंकर एजुकेशन लॉ महाविद्यालय सरैया सानी खैराबाद में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय की संरक्षक बबीता शंकर गुप्ता और जनपदीय क्रीड़ा सचिव, अवधेश नंदन पाण्डेय के द्वारा भगवान पवनसुत हनुमान जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रतियोगिता अंडर 14, 17 और 19 बालक/बालिका के विभिन्न भार वर्ग तथा ग्रीको रोमन श्रेणी की



जूनियर एवं सीनियर बालक के मध्य आयोजित की गई। आरबीएसबीएस इण्टर कॉलेज कमलापुर बालक वर्ग (अंडर 14, 17 एवं 19) में विजेता तथा स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज, मानपुर उपविजेता बना। आरबीएसबीएस इण्टर कॉलेज कमलापुर बालिका वर्ग (अंडर 14, 17 एवं 19) में विजेता तथा स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज, मानपुर उपविजेता बना। इस प्रकार आरबीएसबीएस इण्टर कॉलेज कमलापुर ओवरऑल विजेता तथा स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज मानपुर ओवरऑल उपविजेता बना। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त सभी बालकध्बालिका लखनऊ मंडल द्वारा आयोजित मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय कुश्ती (बालक/बालिका) प्रतियोगिता, 2026–2027 जिसका आयोजन 21 अगस्त को जनपद लखीमपुर में किया जाएगा में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता का संचालन अवधेश नन्दन पाण्डेय, शाह आलम खान एवं अनूप सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य रेफरी अरविंद पटेल एवं मैच स्कोरर के रूप में पवन कुमार, डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी एवं तेज राम ने अपना योगदान प्रदान किया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र आदि का वितरण महाविद्यालय की संरक्षक बबिता शंकर गुप्ता एवं महाविद्यालय की कार्यकारिणी के सदस्य प्रियंक गुप्ता द्वारा किया गया एवं मंडलीय प्रतियोगिता में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं भी प्रदान की। इस अवसर पर जगदेव, पंकज कन्नौजिया, प्रेम निवास मिश्र, पावस यादव, पृथ्वी पाल तथा महाविद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### बाघ से भिड़ा 65 वर्षीय पिता, बेटे की बचाई जान

न्यूज वाणी ब्यूरो



मंडावली, बिजनौर। क्षेत्र के गांव मूसेपुर में पशु चराने गए एक युवक पर अचानक बाघ ने हमला कर दिया। बेटे की चीख सुनकर उसके 65 वर्षीय पिता गुलाम नबी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए और बाघ से भिड़ गए। बताया गया कि बाघ ने युवक रफी को दबोच लिया था। गुलाम नबी करीब पांच मिनट तक बाघ पर लगातार डंडे बरसाते रहे। इस दौरान बाघ गुर्राता रहा, लेकिन बुजुर्ग के हिम्मत नहीं हारने पर आखिरकार उसने रफी को छोड़ दिया और जंगल की ओर भाग गया। बाघ के हमले में रफी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए जंगल क्षेत्र में अकेले न जाने की अपील की है। साथ ही जंगल में रहने वाले वन गुर्जरों को भी विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# सर्राफा ने महिला पर पैसे न देने का लगाया आरोप, आठ हजार ठगी का मामला

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। लहरपुर के मोहल्ला ठठेरी टोला के निकट इंडियन बैंक के पास सुधीर कुमार रस्तोगी ने कोतवाली प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर यह आरोप लगाया कि शीबा पत्नी गजरे बागवानी टोला ने हमसे बीमारी का बहाना कर कभी तीन हजार,कभी चार हजार कर के करीब आठ हजार रुपए ठग लिए पैसे देते वक्त हमने उसके हस्ताक्षर भी कराए जो कि मेरे रजिस्टर में दर्ज है। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक कई बार मांगने पर भी नहीं दिए जब हमने वसूली नोटिस भेजी तो वह




घर पर आकर लगातार तीन दिनों से जबरदस्ती घर में घुस गाली गलौज कर कुंडली देने व पैसे लेने का झूठा आरोप लगाकर फंसा देने की धमकी देकर सोना मांग रही है घर में घुसकर जबरदस्ती आतंक मचा रही है। जबकि उसने साइन करके 8000 अपना तकलीफ बता कर हमसे ठगे हैं। सुधीर का आरोप है कि महिला जबरदस्ती घर में घुसकर मार डालने हमे फंसा देने की धमकी दे रही है और गंदे अपशब्द का प्रयोग कर रही है। जिसका वीडियो भी पीड़ित के पास है। थाने में आईजीआरएस के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसकी शिकायत संख्या 400 154 260 71 336 है इसी क्रम में पीड़ित की पत्नी रेखा सोनी पत्नी सुधीर कुमार रस्तोगी उम्र 42 वर्ष निवासी ठठेरी टोला ने भी आरोप लगाया कि सुबह 8 बजे एक महिला जिसका नाम शीबा और उसका पति गजरे बिना परमिशन नकाब बांधकर मेरे मकान में घुस आई जब हमने पूछा कौन हो नकाब हटाओ तो बोली मै शीबा हूं और जबरन में घर घुस आई और गलियां देने लगी कहने लगी मेरी कुंडली दे दो पीड़िता का कहना है कि मैंने उससे कई कहा कि मेरे पास नहीं है तो क्यों बहाने से मेरे घर घुस आती हो जब मैं 112 पर कॉल कर रही थी तो बोली औरतों का राज वीडियो बनाओ या कुछ बनाओ मेरा कुछ नहीं कर पाओगी मेरी कुंडली दो पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

# तीन दोषियों को चार-चार वर्ष की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने जसवंतनगर थाना क्षेत्र में मारपीट, गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी के मामले में तीन अभियुक्तों को चार–चार वर्ष के कारावास तथा 5,500–5,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध




चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जसवंतनगर की पैरोकार टीम, मॉनीटरिंग सेल तथा अभियोजन पक्ष द्वारा मामले में प्रभावी पैरवी की गई। जिसके परिणामस्वरूप एडीजे–04 / विशेष न्यायाधीश विविध अधिनियम की अदालत ने तीनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। मामला थाना जसवंतनगर क्षेत्र का है। वादिनी के साथ मारपीट, गाली–गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में 8 जून 2020 को थाना जसवंतनगर में मुकदमा अपराध संख्या 211 / 2020, धारा 323, 504, 506 एवं 308 भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना अधिकारी उपनिरीक्षक संजय सिंह द्वारा साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस, पैरोकार कांस्टेबल मनीष कसाना, मॉनीटरिंग सेल टीम तथा अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मंजू शाक्य द्वारा नियत तिथियों पर गवाहों एवं अन्य साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी पैरवी की गई। न्यायालय द्वारा दोषी करार दिए गए अभियुक्तों में राहुल कुमार पुत्र रामनरेश, गनेश पुत्र रामनरेश एवं विकास पुत्र रामनरेश, सभी निवासी जनकपुर थाना जसवंतनगर शामिल हैं। तीनों को चार–चार वर्ष के कारावास के साथ 5,500–5,500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# सीसीटीवी की मदद से लापता बालक बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना चौबिया पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरों की मदद से त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता 12 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार 18 अगस्त को सुबह करीब आठ बजे



थाना बसरेहर क्षेत्र में राहिन रोड पर खेलते समय 12 वर्षीय गोपाल पुत्र विराट शर्मा निवासी बसरेहर कहीं चला गया। बालक को करीब 10 बजे बख्यारपुर टोल के सीसीटीवी कैमरे में देखा गया। सूचना मिलने के बाद थाना चौबिया पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य माध्यमों से बालक की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आसपास के गांवों, गलियों एवं चौराहों सहित करीब 20 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के माध्यम से बालक के ग्राम चौबिया–जैनपुरा की ओर जाने की जानकारी मिली। इसके बाद थाना चौबिया पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत ग्राम जैनपुरा के पास परचूनी की दुकान के समीप से बालक को सकुशल बरामद कर लिया और आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने इटावा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तत्परता और ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी की सराहना की। इटावा पुलिस ने तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए लापता बालक को सकुशल उसके परिजनों तक पहुंचाया।

# श्रमिकों की लंबित मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने भरी हुंकार

## - पीएम व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री को संबोधित मांग पत्र एडीएम नमामि गंगे को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। भारतीय मजदूर संघ ने देशव्यापी मांग दिवस के तहत श्रमिकों और कर्मचारियों की लंबे




समय से लंबित मांगों के समाधान को लेकर हुंकार भरी। सोमवार को बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहर के आल्हा चौक से कलेक्ट्रेट तक मार्च किया। इसके बाद प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय मांगपत्र एडीएम नमामि गंगे को सौंपा गया। भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन की 161वीं केंद्रीय कार्य समिति की बैठक 26 से 28 जुलाई तक रांची में आयोजित हुई थी। बैठक में श्रमिकों एवं कर्मचारियों से जुड़े लंबे समय से लंबित मुद्दों को लेकर देशव्यापी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री ठाकुर आशीष सिंह एवं जिलाध्यक्ष कपिल कुमार कश्यप के नेतृत्व में प्रदर्शन कर मांगपत्र सौंपा गया। ज्ञापन में ईपीएस–95 के तहत न्यूनतम पेंशन 1,000 रुपये से बढ़ाकर 7,500 रुपये प्रतिमाह वीडीए सहित किए जाने और इसे आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की मांग की गई। इसके साथ ही ईपीएस, ईएसआईसी एवं बोनस की सीलिंग सीमा दोगुनी करने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग उठाई गई। संघ ने ग्रेच्युटी की गणना 15 दिन के बजाय 30 दिन के वेतन के आधार पर बिना अधिकतम सीमा के किए जाने की मांग की। संविदा श्रमिकों समेत सभी कर्मचारियों के लिए समान काम के लिए समान वेतन लागू करने, महंगाई के अनुरूप न्यूनतम वेतन बढ़ाने तथा आंगनवाड़ी, आशा, मिड–डे मील, एनएचएम सहित सभी स्कीम वर्करों के मानदेय में वृद्धि की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। ज्ञापन में बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने, लेबर कोड के मजदूर विरोधी प्रावधानों में उचित संशोधन करने, हैवी इंजीनियरिंग कंपनी रांची तथा आठ राज्यों की 23 नेशनल टेक्सटाइल मिलों के श्रमिकों की लंबित समस्याओं का समाधान करने और एलआईसी के डेवलपमेंट अधिकारियों को नौकरी की सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी शामिल रही। भारतीय मजदूर संघ ने कहा कि ये मांगें केवल वेतन और सेवा शर्तों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक न्याय, सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों और उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा से सीधे जुड़ी हुई हैं। संगठन ने केंद्र सरकार से संबंधित प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर सभी मांगों पर समयबद्ध तरीके से ठोस कार्रवाई करने का आग्रह किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष उमेश सक्सेना, मीडिया प्रभारी इतिखार खान, मोहनलाल, रिजवान अहमद, रज्जू, आनंद सुलेरे, बाबू अली, इमरान जिलानी, मो. सिराज सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ पंच सम्मेलन

## - वीबी-जी राम जी योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। वीबी–जी राम जी योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए एवं ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा योजना से संबंधित जानकारी को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। पंच सम्मेलन में सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक बलहा सरोज सोनकर तथा प्रमुख क्षेत्र पंचायत / प्रशासक तथा प्रत्येक विकास खंड से 10–10 ग्राम प्रधान / प्रशासक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पंच सम्मेलन में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों को वीबी–जी राम जी योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों द्वारा योजना के उद्देश्यों, विभिन्न प्रावधानों, कार्यों के चयन, पात्रता तथा ग्राम स्तर पर योजना के क्रियान्वयन से संबंधित




महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। योजना के बेहतर एवं प्रभावी संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के बेहतर समन्वय से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकता है। पंच सम्मेलन के दौरान योजना के सुचारु संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रधानों से सुझाव भी प्राप्त किए गए। प्रतिभागियों ने ग्राम स्तर पर योजना के लाभ को अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुंचाने तथा कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये गये। कार्यक्रम के अंत में सभी संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए पंच सम्मेलन का समापन किया गया। पंच सम्मेलन का संचालन उपायुक्त श्रम रोजगार रवि शंकर पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण मनीष कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार धनंजय सिंह, समस्त खंड विकास अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी तथा प्रत्येक विकासखंड के सचिव एवं तकनीकी सहायक सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कानपुर जोन की 28वीं अंतर्जनपदीय पुलिस हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

## - डीआईजी ने गुब्बारे उड़ाकर किया उद्घाटन, नौ जनपदों की पुलिस टीमें ले रहीं हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार



को कानपुर जोन की 28वीं अंतर्जनपदीय पुलिस हॉकी प्रतियोगिता–2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर यमुना प्रसाद ने गुब्बारे उड़ाकर किया। इस दौरान समस्त प्रतिभागी पुलिस टीमों ने मार्च पास्ट के माध्यम से मुख्य अतिथि को सलामी दी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डीआईजी यमुना प्रसाद ने कहा कि खेल पुलिस बल में अनुशासन, टीम भावना, शारीरिक दक्षता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ खेल भावना बनाए रखने की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में कानपुर जोन के नौ जनपदों इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फतेहगढ़, कन्नौज, जालौन, झांसी एवं ललितपुर की पुलिस टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। विभिन्न जनपदों से पहुंची पुलिस टीमों के खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों, निर्णायकों एवं पुलिस अधिकारियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिस कर्मियों में खेल भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, शारीरिक एवं मानसिक दक्षता तथा आपसी समन्वय को बढ़ावा देना है। पुलिस की ओर से सभी प्रतिभागी टीमों एवं खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी गईं। उद्घाटन अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तथा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली पुलिस टीमों के खिलाड़ी मौजूद रहे।

# निगम क्षेत्र को और स्मार्ट बनाने के लिए तीन हिस्सों में बाटे 70 वार्ड

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए जोनल ऑफिस के लोकार्पण के बाद धरातल पर जाकर महापौर कामिनी राठौर ने निरीक्षण व्यवस्थाओं का नगर आयुक्त संग जाकर लिया जायजा, जल्द यह ऑफिस होगा जनता को समर्पित बारीकी से ऑफिस के एक एक हिस्से को महापौर संग नगर आयुक्त ने देखा।



# पीएमश्री जीजीआईसी में आयोजित हुआ कैरियर गाइडेंस मेला

## – मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद रहे

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मंगलवार को शहर स्थित पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज में मंगलवार को कैरियर गाइडेंस मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम सरस्वती वन्दना व दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद व विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेश कुमार वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक, यशंवत कुमार प्रधानाचार्य जीआईसी भग्गडवा बाजार, नागेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य जीआईसी, अमित कुमार पाण्डेय प्रधानाचार्य पीएमश्री जीआईसी रमपुरवा व प्रबन्धक बैंक आफ बड़ौदा तथा समस्त शिक्षिकाएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। सभी सम्मानित अधिकारी ने अपने क्षेत्र से सम्बन्धित जानकारी छात्राओं को प्रदान की। कैरियर गाइंडेस मेला में विद्यार्थियों द्वारा स्टाल लगाए गए। सभी अतिथियों ने स्टाल पर पहुँचकर विद्यार्थियों से जानकारी हासिल की। विद्यार्थियों को भविष्य में सफलता पाने के टिप्स दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या मधु यादव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी अतिथियों को विद्यालय की पत्रिका भेंट किया। कैरियर गाइंडेस की नोडल प्रभारी प्रतिमा कुमारी व सभी शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




# ऑपरेशन त्रिनेत्र से लापता बालक सकुशल बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरों की मदद से त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता 10 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कराया। 17 अगस्त को कृष्णा कलां किड्स स्कूल, भरथना चौराहा गली नंबर–9 से राघव उर्फ शिवांग प्रताप पुत्र भानु प्रताप 10 वर्ष निवासी पाल कॉलोनी अशोक नगर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी



स्कूल की छुट्टी के बाद बिना बताए कहीं चला गया था। बालक के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल उसकी तलाश शुरू की। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य माध्यमों से स्कूल से लेकर आसपास के गली–मोहल्लों, चौराहों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन तक करीब 50 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में बालक स्कूल बैग लेकर रेलवे स्टेशन की ओर जाता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने रात करीब एक बजे तक लगातार सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बालक की तलाश की। साथ ही बालक के संबंध में आवश्यक सूचना थाना जीआरपी इटावा एवं थाना आरपीएफ इटावा को भी उपलब्ध कराई गई। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बालक, जो अपना नाम राघव बता रहा है, दिल्ली के थाना कश्मीरी गेट क्षेत्र में मौजूद है और ट्रेन के माध्यम से दिल्ली पहुंचा है। सूचना मिलते ही फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने बालक के परिजनों को जानकारी दी। परिजन दिल्ली पहुंचे और बालक को सकुशल अपने साथ घर ले आए। बालक के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तत्परता और ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी की सराहना की। पुलिस ने तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता के साथ लापता बालक को उसके परिजनों तक पहुंचाया।

# सभासदों का दूसरे दिन भी धरना, चेयरमैन पर लगाए गंभीर आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

जमानिया, गाजीपुर। जमानिया नगरपालिका में सभासदों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। सभासदों ने चेयरमैन पर निजी लाभ के लिए प्रस्ताव लाने का आरोप लगाते हुए जोरदार शब्दों में हमला बोला। धरने पर बैठे सभासदों ने कहा कि जिस प्रस्ताव को लेकर विवाद खड़ा हुआ है, उस पर हम लोगों ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं। सभासदों का आरोप है कि चेयरमैन द्वारा प्रस्ताव के संबंध में



लोगों को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों में निर्वाचित सभासदों की सहमति और पारदर्शिता जरूरी है। सभासदों ने कहा कि जनता अब पूरे मामले का जवाब मांग रही है। उन्होंने चेयरमैन से प्रस्ताव से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक करने और पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। सभासदों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों और आरोपों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रहेगा। धरने में सभासद प्रमोद यादव, मोहन गुप्ता, आशीम खां उर्फ सोनू, राहुल वर्मा, मनीष यादव, अंजनी गुप्ता, सचिन वर्मा, रजनीकांत उपाध्याय, राकेश प्रजापति, राजा चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, साहू सभासद प्रतिनिधि शिवबचन यादव, अरशद मंसूरी, आमिर उर्फ गोलू, उमराव यादव, शमीम अंसारी और मोहन राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा

## – प्रतिमा स्थल की सफाई कर रेडक्रॉस सोसाइटी व सेवा फाउंडेशन ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आजाद हिंद फौज के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान



में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। पत्थरकटा स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे पदाधिकारियों ने सबसे पहले प्रतिमा स्थल की साफ–सफाई की। इसके बाद नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उपस्थित लोगों ने नेताजी के त्याग, साहस, राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। प्रतिमा स्थल देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। पदाधिकारियों ने सुभाष चंद्र बोस अमर रहें, वंदे मातरम, जय हिंद और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे लगाकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में आजीवन सदस्य सेवानिवृत्त लेटिनेंट लालजी श्रीवास्तव, वेदप्रकाश गुप्ता, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, रामप्रकाश मौर्य, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, बृजकिशोर, कौशल कुमार श्रीवास्तव, राजेश राजन, गोरेलाल, प्रेमचंद्र मौर्य, शहनूर आलम और रीता श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# बुजुर्गों को मिला सहारा, सहायक उपकरण वितरित

## – सदर विधानसभा में लगातार जारी है बुजुर्गों की सेवा का अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी की पहल पर बुजुर्गों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने का अभियान लगातार जनता के बीच जारी है। सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महेंद्र लोधी एवं ग्राम प्रधान के सहयोग से विशेष कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 230 बुजुर्गों को राष्ट्रीय बायो श्री योजना के अंतर्गत विभिन्न सहायक



उपकरण वितरित किए गए।

कैंप में बुजुर्गों की जरूरत के अनुसार छड़ी, कान की मशीन, व्हीलचेयर, कमोड चेयर सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में लाभार्थियों को उनकी जरूरत के अनुरूप उपकरण मिलने से उनके चेहरे पर खुशी नजर आई। आयोजकों ने बताया कि इन उपकरणों का उद्देश्य बुजुर्गों को दैनिक जीवन में सहूलियत प्रदान करना है। रिंकू लोहारी ने बताया कि बुजुर्गों की सेवा के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 15 हजार बुजुर्गों को लाभ दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अभियान को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा और प्रयास रहेगा कि फतेहपुर जनपद का कोई भी जरूरतमंद बुजुर्ग इस सुविधा से वंचित न रहे। व्यवस्था में भाजपा युवा नेता महेंद्र लोधी व ग्राम प्रधान बरई खुर्द ने सहयोग किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विक्रम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल सहित भाजपा के युवा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी मौजूद रहे। रिंकू लोहारी ने बताया कि यह सेवा अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद बुजुर्गों तक इसका लाभ पहुंचाया जा सके।




# सांसद ने विकास योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में सांसद जितेन्द्र कुमार दोहरे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद ने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा, एनआरएलएम, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, .षि विकास योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने बसरेहर बाईपास तथा हैंवरा डिग्री कॉलेज के पास क्षतिग्रस्त सड़क को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने तथा सड़कों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। सांसद ने मंडी परिषद की सड़कों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महेवा ब्लॉक में सचिव अखिलेश कुमार के कार्यों को लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास का निर्माण शीघ्र पूरा कराने तथा वहां पंखे सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। .षि विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने ब्लॉकवार बीज वितरण की सूची उपलब्ध कराने तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश दिए। हैंवरा ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था ठीक न होने की शिकायत पर जांच कर कार्रवाई करने तथा आवश्यकता होने पर सफाई कर्मचारी को हटाकर दूसरे कर्मचारी की तैनाती करने को कहा। अहेरीपुर तालाब की सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए सांसद ने जनपद में निर्मित पानी की टंकियों की ब्लॉकवार सूची उपलब्ध कराने को कहा। जल निगम के कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की स्थिति की सूची दो दिन के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में सड़कें टूटी हैं, उन्हें जल्द ठीक कराया जाए। लघु सिंचाई विभाग से निर्माणाधीन चेकडैम की सूची भी मांगी गई।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सांसद ने जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ को देखते हुए काउंटरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। महेवा, लखना, बकेवर एवं बसरेहर में दंत चिकित्सक की तैनाती कराने को कहा। शिक्षा विभाग की समीक्षा में सांसद ने ताखा ब्लॉक में जर्जर भवन के स्थान पर तत्काल नया भवन निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद के सभी 1484 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बसरेहर ब्लॉक के पाठकपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय का निर्माण शीघ्र कराने तथा विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में पशुओं को खुरपका–मुंहपका बीमारी से बचाने के लिए समय से टीकाकरण कराने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया



कि बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं को कनेक्शन काटने से तीन से सात दिन पूर्व नोटिस दिया जाए तथा बिना सूचना दिए कनेक्शन न काटा जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अहेरीपुर मार्ग की खराब स्थिति को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने तथा आम जनता के फोन का प्राथमिकता के साथ जवाब देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश फोन रिसीव न हो सके तो संबंधित व्यक्ति को बाद में कॉल बैक अवश्य किया जाए। सांसद ने मानिकपुर मोड़ को ब्लैक स्पॉट बताते हुए वहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने को कहा। परिवहन विभाग से संबंधित ओवरलोड वाहनों पर अवैध वसूली की शिकायत पर भी उन्होंने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर जनपद को विकास के ऐसे स्थान पर ले जाएं, जहां अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके और सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सांसद एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा जनपद के महत्वपूर्ण प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। बैठक में सदस्य विधान परिषद मुकुल यादव, गोपाल यादव प्रतिनिधि प्रो. रामगोपाल यादव, सर्वेश शाक्य प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रदीप शाक्य प्रतिनिधि सांसद डिम्पल यादव, सतेन्द्र द्विवेदी प्रतिनिधि सदस्य विधान परिषद प्रांशुदत्त द्विवेदी, ध्रुव यादव प्रतिनिधि विधायक जसवंतनगर, जितेन्द्र भदौरिया प्रतिनिधि विधायक भरथना, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, आईएएस कोमल पुनिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बृजेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़का हिंदू संगठन

## - सावन में मीट की दुकानों को बंद कराने के विवाद का मामला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोशल मीडिया पर हिंदू समाज को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी ने जिले में माहौल गरमा दिया। पोस्ट में हिंदू और मुस्लिम माताओं को लेकर आपत्तिजनक तुलना किए जाने का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठनों ने कड़ा विरोध जताया। आक्रोशित संगठन के लोग सदर कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवानी इलाके का बताया जा रहा है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि सावन माह में मांस की दुकानों को बंद रखने को लेकर नाराजगी के चलते सोशल मीडिया पर हिंदू समाज को निशाना बनाते हुए यह टिप्पणी की गई। पोस्ट सामने आने के बाद संगठन के लोगों में रोष फैल गया। उनका कहना है कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली ऐसी टिप्पणी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। मामले को लेकर हिंदू



संगठन के लोगों ने सदर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठन ने जिला प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। वहीं हिंदू संगठन के नेता धर्मेंद्र सिंह जनसेवक ने एक विशेष समुदाय के व्यक्ति पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से धमकी के मामले में भी तत्काल कार्रवाई की मांग की। संगठन के लोगों का कहना है कि सावन माह में मीट की दुकानों को बंद रखने की व्यवस्था को लेकर सोशल मीडिया पर इस तरह की पोस्ट कर माहौल खराब करने और हिंदू समाज को चुनौती देने का प्रयास किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। सोशल मीडिया पोस्ट की सत्यता, उसके स्रोत और लगाए गए आरोपों की जांच के बाद पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीआरडी जवानों की बढ़ी कैशलेस योजना व ड्यूटी भत्ता

## - जवानों ने सुना सीएम का संबोधन, जताया आभार

## - वर्दी के साथ जिम्मेदारी व अनुशासन भी जरूरी : एडीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गोरखपुर में आयोजित प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) जवानों के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का मंगलवार



को विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिले के पीआरडी अधिकारियों और जवानों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। शासन की ओर से जवानों के कल्याण के लिए शुरू की गई कैशलेस योजना और ड्यूटी भत्ते में बढ़ोतरी की जानकारी मिलने पर पीआरडी जवानों ने शासन–प्रशासन के प्रति आभार जताया।

एडीएम विनय पांडेय ने कहा कि प्रदेश सरकार को प्रांतीय रक्षक दल के जवानों से महत्वपूर्ण अपेक्षाएं हैं। पीआरडी जवान पुलिस विभाग के कर्मचारियों की तरह पूरी जिम्मेदारी, अनुशासन और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जब कोई सुरक्षा कर्मी वर्दी धारण करता है तो उसके भीतर जिम्मेदारी के साथ मनोबल भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि जिले में पीआरडी जवान थानों और चौकियों के साथ ही कांवड़ यात्रा, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, गंगा यात्रा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों, न्यायालय, कलेक्ट्रेट, ट्रैफिक व्यवस्था, बैंकों समेत विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर सेवाएं दे रहे हैं। सरकारी दायित्वों को बेहतर ढंग से पूरा करने में जवानों की जिम्मेदारी और कार्य के प्रति रुचि बेहद महत्वपूर्ण है। एडीएम ने जवानों से कहा कि वर्दी के साथ उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी सौंपी जाती है। ऐसे में अनुशासन, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा को प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानों की कार्यशैली और सेवाओं को देखते हुए शासन स्तर से उनके हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। सजीव प्रसारण के दौरान पीआरडी जवानों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। शासन की ओर से जवानों के लिए शुरू की गई कैशलेस योजना, ड्यूटी भत्ते में बढ़ोतरी को लेकर जवानों में उत्साह दिखाई दिया। उन्होंने इसके लिए शासन और प्रशासन का आभार जताया। कार्यक्रम में जिला कमांडेंट, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में पीआरडी जवान मौजूद रहे।

# किसान दिवस आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। किसानों की समस्याओं के समाधान एवं .षि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को .षि भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। किसान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल करेंगे। कृषि विभाग के अनुसार किसान दिवस का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम में .षि एवं .षि से जुड़े सभी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों की अनिवार्य रूप से सहभागिता रहेगी। किसान दिवस के दौरान किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा तथा उनका यथासंभव स्थलीय समाधान कराया जाएगा। किसानों को .षि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। .षि विभाग ने किसानों से किसान दिवस में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखने की अपील की है।

# पुरानी पेंशन समेत मांगों को लेकर शिक्षकों का धरना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। धरने की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष बदन सिंह कुशवाह ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री प्रो. योगेश कुमार वर्मा ने किया। धरने के बाद शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को अपनी मांगों से



संबंधित ज्ञापन सौंपा।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बदन सिंह कुशवाह एवं प्रदेशीय संगठन मंत्री विनोद चन्द्र वर्मा ने सरकार से पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्नातक वेतन क्रम में कार्यरत शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान दिए जाने के लिए परास्नातक की उपाधि की अनिवार्यता समाप्त की जाए। जिला मंत्री प्रो. योगेश कुमार वर्मा ने कोरोना काल में रोके गए 18 माह के महंगाई भत्ते का भुगतान किए जाने की मांग उठाई। कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह वर्मा ने परिवार कल्याण प्रोत्साहन वेतन को पुनः बहाल करने की मांग की। संघ के संरक्षक टी.एन. अग्निहोत्री ने कहा कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के सीटी शिक्षकों की सीटी सेवा को जोड़कर एलटी का चयन वेतनमान एवं प्रोन्नत वेतनमान दिए जाने के संबंध में उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने संघ की याचिका संख्या 5634 पर राज्य सरकार को समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासन से न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। धरने के दौरान शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

उत्तर मध्य रेलवे

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे
नवाब यूसुफ रोड, बाल्मीकी चौराहा, प्रयागराज - 211001

वर्ष 2026-27 में सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत (खुली भर्ती)

नोटिफिकेशन (रो.सू. CQ - 02/2026)

नोटिफिकेशन जारी करने की तिथि : 18.08.2026
ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभिक तिथि : 20.08.2026
ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि व समय : 19.09.2026, 23:59 बजे तक

उत्तर मध्य रेलवे में सांस्कृतिक कोटा वर्ष 2026-27 में खुली भर्ती के तहत ग्रेड पे रू. 1900/- (7वें सीपीसी के बाद संशोधित वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल-02) में भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से नीचे दर्शाये गये कोटे के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथि **19.09.2026** रात्रि **23:59** बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र. सं. | पद | मैट्रिक्स लेवल (7th वें सीपीसी) | पदों की संख्या | पदों का आवंटन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सितार | पे मैट्रिक्स लेवल-2 (ग्रेड पे रू. 1900/-) | 01 (एक) | उत्तर मध्य रेलवे पर |
| 2. | तबला | पे मैट्रिक्स लेवल-2 (ग्रेड पे रू. 1900/-) | 01 (एक) | उत्तर मध्य रेलवे पर |

• उपरोक्त कोटा सभी श्रेणी के उम्मीदवारों हेतु हैं बशर्तें वे न्यूनतम योग्यता/अहर्ता रखते हों।
• रोजगार सूचना, आवेदन पत्रों का प्रारूप एवं अन्य सभी विवरण, यथा शैक्षणिक योग्यता, आयु, भर्ती प्रक्रिया, परीक्षा शुल्क, आवेदन कैसे करें तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के वेबसाइट **www.rrcpryj.org** पर दिनांक 18.08.2026 से उपलब्ध है।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

1893/26 (AS)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध

समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि

09451548620, 9451180488

## नाबालिग के अपहरण का वांछित आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नाबालिग के अपहरण के मामले में थाना ललौली पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार थाना ललौली में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 225/2026, धारा 137(2), 87, 65(1) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अब्दुल समद खान पुत्र मजरुद्दीन निवासी ग्राम बन्थल शाहपुर थाना जहानगंज जनपद फर्रुखाबाद को बन्धवा तिराहे से गिरतार किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि इसी मामले से संबंधित अपहृता को 17 अगस्त को सकुशल बरामद किया जा चुका है। गिरतारी करने वाली टीम में ललौली थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद वर्मा, आरक्षी अनिल कुमार शामिल रहे।

## कम अंक सफलता में बाधा नहीं, उद्देश्य तय कर करें तैयारी : सृष्टि

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कस्बे के उज्जवल सिंह डिग्री कॉलेज में मंगलवार को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र–छात्राओं के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी और क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी। सृष्टि अवस्थी ने कहा कि हाईस्कूल,



इंटरमीडिएट अथवा बीए में कम अंक आने का यह मतलब नहीं है कि विद्यार्थी पीसीएस, आईएएस या अन्य विभागों की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल नहीं कर सकते। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और विद्यार्थी नियमित रूप से मेहनत करें तो सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अपने शिक्षा जीवन से जुड़ी छोटी–बड़ी घटनाओं को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मूल मंत्र उद्देश्य है। जीवन में स्पष्ट उद्देश्य के बिना सफलता हासिल करना कठिन है। इसलिए विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसी के अनुसार अध्ययन की रणनीति बनानी चाहिए। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और विषयों की बेहतर समझ विकसित करने पर जोर दिया। सीओ गौरव शर्मा ने भी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में अनुशासन और निरंतरता बनाए रखने की सलाह दी। अधिकारियों ने छात्राओं को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में भी जानकारी दी और योजना के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य सतेंद्र सिंह, रामकुमार, छात्र अभिषेक, रामनरेश सहित छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## मलवां व जहानाबाद मंडल पहुंची अमृत कलश यात्रा, हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी की अमृत कलश यात्रा मंगलवार को बिंदकी विधानसभा के मलवा मंडल और जहानाबाद विधानसभा के जहानाबाद मंडल पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं लोगों ने उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को



मिला। अमृत कलश यात्रा के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लोगों से संवाद किया तथा यात्रा के उद्देश्य और महत्व की जानकारी दी। दोनों मंडलों में स्वागत कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह जीतू, मलवा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक रामसजीवन कोरी, सह संयोजक राजबहादुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मौर्या फिलिंग पंप पर पेट्रोल में पानी मिलावट का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी मोड़ के पास स्थित नरेन्द्र किसान फिलिगं पंप से पेट्रोल लेने के बाद वाहन बंद होने का मामला सामने आया है। मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि सौ रूपए का पेट्रोल डलवाने के बाद करीब दो किलोमीटर दूर पहुंचते ही वाहन बंद हो गया।

बताया जा रहा है कि वाहन को गैरेज ले जाकर जांच की गई, जहां वाहन की टंकी खोलने पर कथित तौर पर करीब आधा लीटर तरल पदार्थ निकला, जिसमें पानी और पेट्रोल मिला हुआ होने का दावा किया जा रहा है। घटना के बाद पेट्रोल की गुणवत्ता और पंप पर मिलने वाले ईंधन की शुद्धता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में किए जा रहे दावों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। मामले की निष्पक्ष जांच होने पर ही स्पष्ट हो सकेगा कि पेट्रोल में वास्तव में पानी की मिलावट थी या वाहन बंद होने का कोई अन्य कारण था। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से पंप के पेट्रोल की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# आलू किसानों की समस्याओं पर जेएसपी ने किया प्रदर्शन

## - राज्यपाल को भेजा आठ सूत्रीय ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आलू किसानों की समस्याओं को लेकर जनहित संकल्प पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात राज्यपाल को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। जनहित संकल्प पार्टी के जिलाध्यक्ष मुकेश पटेल की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट आए और प्रदर्शन करने के पश्चात राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि जनपद व आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसान आलू की खेती पर निर्भर हैं। वर्तमान समय में आलू का उचित मूल्य न मिलने के कारण किसान गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। किसान को उसकी फसल का लागत मूल्य तक नहीं मिल पा




रहा है। जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। किसानों का आलू चार रूपए किलो बिक रहा है। जिससे किसानों की लागत तक नहीं निकल पा रही है। किसानों के पास आत्महत्या करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। मांग किया कि आलू का उचित एवं लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जाए, किसानों को लागत के आधार पर न्यूनतम लाभकारी मूल्य दिलाया जाए, आलू की सरकारी खरीद की व्यवस्था की जाए, कोल्ड स्टोरेज में भंडारण की उचित व्यवस्था एवं पारदर्शी किराया सुनिश्चित किया जाए, आलू किसानों को फसल खराब होने एवं कम कमल से हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए, किसानों को खाद, बीज, सिंचाई एवं कृषि बिजली की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, आलू की बिक्री में बिचौलियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए, किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर तत्काल विशेष समिति का गठन किया जाए। इस मौके पर बिन्देश, श्याम सुन्दर, संदीप, नीरज पटेल, कल्लू, राजू, शिवाकांत, रोहन, राजनारायण शुक्ल, रितेश पटेल, जय सिंह, नरेश, पवन पटेल, अभिषेक कुमार, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बकरी चोर गैंग से पुलिस की मुठभेड़, सरगना के पैर में लगी गोली

### - बोलेरो, तमंचा-कारतूस, 12500 रूपए नगद व लोहे की राड बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रात के अंधेरे में घरों के बाहर बंधी बकरियों को सफेद बोलेरो में लादकर फरार होने वाले गैंग पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया। देवमई नहर पुलिया के पास बकेवर पुलिस और क्राइम डिटेक्शन टीम ने संदिग्ध बोलेरो को घेरा तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में 15 से अधिक मुकदमों वाला रफीक पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो साथियों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक बकेवर और औंग थाना क्षेत्रों में लगातार बकरी चोरी की घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के जरिए संदिग्ध वाहन और गैंग की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की थी। सोमवार रात पुलिस को सूचना मिली कि चोरी में इस्तेमाल होने वाली सफेद बोलेरो दोबारा जिले में दाखिल हुई है। इसके बाद बकेवर पुलिस और क्राइम डिटेक्शन टीम ने तत्काल घेराबंदी शुरू कर दी। देवमई नहर पुलिया के पास पुलिस ने बोलेरो को रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में कछेवरा निवासी रफीक पुत्र सफीक के बाएं पैर में गोली लगी। उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। वहीं भागने का प्रयास कर रहे तेजानगर निवासी नसीम और जावेद को पुलिस टीम ने घेरकर गिरतार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, दो खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस, सफेद बोलेरो, 12500 रुपये नकद, लोहे की राड और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस का दावा है कि बरामद सामग्री का इस्तेमाल चोरी की घटनाओं में किया जाता था। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि पूछताछ में गैंग के कुछ अन्य सक्रिय सदस्यों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश की जा रही



है। रफीक के खिलाफ चोरी और पशु चोरी समेत 15 से अधिक मुकदमे फतेहपुर के विभिन्न थानों और अन्य जनपदों में दर्ज होने की जानकारी मिली है। पुलिस उसके अन्य आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घायल रफीक का अस्पताल में उपचार कराया जा रहा है। उपचार के बाद उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड की कार्रवाई की जाएगी, जबकि गैंग के अन्य सदस्यों की गिरतारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

## बस में छूटा यात्री का कीमती सामान वाला बैग पीआरवी ने लौटाया

### - परिचालक से बैग बरामद कर यात्री को सुरक्षित किया सुपुर्द

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रयागराज से सैनी की यात्रा के दौरान बस में छूटा यात्री का कीमती सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बैग यूपी–112 की सक्रियता से सकुशल बरामद हो गया। सूचना मिलते ही पीआरवी 6254 टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बस परिचालक से संपर्क किया और महज सात मिनट में मौके पर पहुंचकर बैग बरामद कर लिया। इसके बाद यात्री को बुलाकर बैग सुरक्षित उसके सुपुर्द कर दिया गया। बताते चलें कि बीते सोमवार की दोपहर राहुल सरोज ने यूपी–112 पर सूचना दी कि प्रयागराज से सैनी जाते समय बस संख्या यूपी–58जेटी/4324 में उनका बैग छूट गया है। बैग में



कीमती सामान के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे हुए थे। सूचना मिलते ही पीआरवी संख्या तत्काल सक्रिय हो गई। पीआरवी टीम ने रोडवेज के टोल फ्री नंबर के माध्यम से बस के परिचालक से संपर्क किया। परिचालक द्वारा बताए गए स्थान पर टीम महज सात मिनट में पहुंच गई और बस परिचालक से यात्री का बैग प्राप्त कर उसे सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने राहुल सरोज को फोन कर मौके पर बुलाया और बैग की पहचान कराने के बाद उसे सकुशल सुपुर्द कर दिया। बैग वापस मिलने पर यात्री और उसके परिजनों ने पीआरवी कर्मियों की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। वहीं स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता की प्रशंसा की। इस सराहनीय कार्रवाई में पीआरवी–6254 के कमांडर मु0आ0 निरंजन सिंह, सब–कमांडर आ0 पुष्पेंद्र कुमार और पायलट मु0आ0 धर्मवीर प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## छात्राओं को सिखाए गैस सिलेंडर के सुरक्षित इस्तेमाल के गुर

### *– प्रेरणा अभियान के तहत सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम*

### *– फतेहपुर इंडेन सेल्स आफीसर ने छात्राओं को बताए एलपीजी सुरक्षा के नियम*

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खागा के प्रांगण में खागा इंडेन गैस सर्विस के तत्वावधान में प्रेरणा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फतेहपुर इंडेन सेल्स ऑफिसर निलय मितेश शंकर ने विद्यालय की हजारों छात्राओं को एलपीजी गैस सिलेंडर के सुरक्षित इस्तेमाल, गैस की बचत तथा रसोई में बरती जाने वाली सावधानियों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि एलपीजी गैस का उपयोग करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने गैस की बचत के उपाय बताते हुए कहा कि खाना बनाते समय बर्तन को ढककर रखने और आवश्यकता के अनुसार ही गैस का इस्तेमाल करने से ईंधन की बचत की जा सकती है। खाना बनाते समय एप्रेन का इस्तेमाल करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि इससे आग लगने की स्थिति में शरीर को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। उन्होंने गैस की रबर पाइप की समय–समय पर जांच कराने और निर्धारित अवधि के बाद उसे बदलने की जानकारी दी। गैस लीकेज होने पर किसी भी प्रकार की आग या विद्युत उपकरण का इस्तेमाल न करने तथा तत्काल 1906 पर संपर्क करने की सलाह दी। इस दौरान खागा इंडेन गैस सर्विस के प्रोपाइटर रोहित माहेष्वरी ने भी छात्राओं को एलपीजी सुरक्षा से जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण जानकारी दी। एजेंसी के संचालक श्रीराम साहू ने छात्राओं को संबोधित करते हुए



कहा कि घर की रसोई संभालने वाली छात्राओं के लिए गैस सिलेंडर के सुरक्षित इस्तेमाल की जानकारी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि सिलेंडर को सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए, चूल्हे को सिलेंडर से उचित ऊंचाई पर रखना चाहिए तथा रसोई हमेशा हवादार होनी चाहिए। रसोई में ज्वलनशील पदार्थों को गैस चूल्हे के आसपास नहीं रखना चाहिए। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए खागा इंडेन गैस सर्विस परिवार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गैस एजेंसी मैनेजर धर्मेंद्र मिश्रा, शनि मोदनवाल, विनोद केसरवानी, विवेक केसरवानी, सहित तमाम विद्यालय के आचार्य गण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु 21 को होगी ई-लाटरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। वित्तीय वर्ष 2026–27 में .षि विभाग की .षि यंत्रीकरण योजनाओं के तहत अनुदान पर दिए जाने वाले .षि यंत्रों और .षि रक्षा उपकरणों के लिए किसानों का चयन अब ई–लाटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए 21 अगस्त को विकास भवन सभागार में ई–लाटरी आयोजित होगी। .षि विभाग ने ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले सभी किसानों से निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

उप .षि निदेशक ने बताया कि .षि यंत्रीकरण की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत .षि यंत्र एवं .षि रक्षा उपकरण प्राप्त करने के लिए किसानों ने विभागीय पोर्टल पर 16 जुलाई से 10 अगस्त तक ऑनलाइन बुकिंग कराई है। पात्र किसानों का चयन जनपद स्तर पर ई–लाटरी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ई–लाटरी 21 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। किसानों को ई–लाटरी में प्रतिभाग करने के लिए सुबह 10.45 बजे तक विकास भवन पहुंचने को कहा गया है। .षि विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों ने निर्धारित अवधि में .षि यंत्र प्राप्त करने के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग की है, वे ई–लाटरी में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें। ई–लाटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र किसानों को नियमानुसार .षि यंत्रों पर अनुदान का लाभ दिया जाएगा। कृषि विभाग ने सभी संबंधित किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय का विशेष ध्यान रखते हुए समय से विकास भवन सभागार पहुंचें, जिससे चयन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

### खाद्य विभाग ने तीन सौ लीटर दूध कराया नष्ट, गंदगी मिलने पर बेकरी बंद

#### – खोया, दूध व केक के लिए चार नमूने, अंश बेकरी पर लगा ताला

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खाद्य पदार्थों में मिलावट और गंदगी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने मंगलवार को जिले में बड़ी कार्रवाई की। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने खोया निर्माण इकाई और बेकरी में छापेमारी कर चार नमूने लिए। जांच के दौरान करीब 300 लीटर दूषित दूध मौके पर ही नष्ट कराया गया, जबकि खागा स्थित एक बेकरी को स्वच्छता व्यवस्था में पूर्ण सुधार होने तक बंद करा दिया गया।

सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय वीरेंद्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में टीम ने 18 अगस्त को विभिन्न स्थानों पर खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की। सबसे पहले मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम भदबा स्थित कल्लू डेयरी की खोया निर्माण इकाई पहुंचकर जांच की गई। संचालक विनीत सैनी से खोया और दूध के एक–एक नमूने लिए गए। मौके पर करीब 300 लीटर दूध दूषित पाए जाने पर उसे नष्ट करा दिया गया। इसके बाद टीम ने खागा स्थित अंश बेकरी में केक निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। यहां से केक का एक नमूना जांच के लिए लिया गया। साथ ही स्वच्छता संबंधी कमियां पाए जाने पर बेकरी को मानकों में पूर्ण सुधार होने तक बंद करा दिया गया। खाद्य विभाग की टीम ने जीटी रोड थरियांव स्थित दूधिया कमलेश कुमार से भी दूध का नमूना लिया। सभी चार नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की स्थिति स्पष्ट होगी और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ कुमार, अनुराधा कुशवाह, धीरज कुमार दीक्षित, दिनेश चंद्र और देवेश मिश्रा मौजूद रहे।

### एफआईआर की कॉपी थाने से नहीं, फरियादी के घर पहुंचेगी पुलिस

#### – फोन पर मिलेगी सूचना, घर बैठे मिलेगी मुकदमे की प्रति

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आमजन को राहत देने और पुलिस व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने की दिशा में पुलिस ने बड़ी पहल की है। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद उसकी प्रति लेने के लिए वादी को थाने या पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पुलिस खुद वादी से फोन पर संपर्क कर एफआईआर दर्ज होने की जानकारी देगी और उसकी इच्छा के अनुसार प्रति थाने अथवा उसके घर पर उपलब्ध कराएगी।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संज्ञान में आया कि कई मामलों में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद वादी को समय से इसकी जानकारी अथवा प्रति नहीं मिल पाती थी। इसके चलते फरियादियों को अनावश्यक रूप से पुलिस थानों और कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए जनपद के सभी थानों को एफआईआर दर्ज होते ही वादी को उसकी प्रति उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। यदि एफआईआर दर्ज होने के समय वादी थाने पर मौजूद नहीं है तो संबंधित पुलिस कर्मी तत्काल फोन कर उसे मुकदमा दर्ज होने की सूचना देगा। इसके बाद वादी से पूछा जाएगा कि वह थाने आकर प्रति लेना चाहता है अथवा घर पर। घर पर प्रति लेने की इच्छा जताने पर संबंधित हल्का या बीट आरक्षी उचित समय पर एफआईआर की प्रति उसके घर पहुंचाएगा। प्रति सौंपने के दौरान वादी के साथ फोटो लेकर उसे थाना अभिलेख में सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि प्रक्रिया का सत्यापन किया जा सके। महिला फरियादियों की गरिमा और निजता का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। उनकी एफआईआर की प्रति केवल महिला पुलिस कर्मी द्वारा शालीनता के साथ उपलब्ध कराई जाएगी।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )